दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 03, अंक 221 | ग्वालियर मंगलवार 18 अगस्त 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8

कांग्रेस में काबिल नेताओं पर सवालिया निशान खड़ा किया जाता है, पायलट ने भी यही झेला: सिंधिया

राज्यसभा सांसद एवं भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उज्जैन के कालभैरव मंदिर में दर्शन-पूजन कर देश-प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना की।



इंदौर। भाजपा में शामिल होने के बाद राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया पहली बार इंदौर आए। सिंधिया ने राम मंदिर मुद्दे पर कहा कि आप कांग्रेस से सवाल पूछिए, एक तरफ वो (पूर्व सीएम कमलनाथ) कह रहे हैं कि बाबरी मस्जिद के उन्होंने (पूर्व पीएम राजीव गांधी) ताले खुलवाए। दूसरी तरफ कांग्रेस नेता शशि थरूर कह रहे हैं ताला उन्होंने (पूर्व पीएम राजीव गांधी) नहीं खुलवाया। कांग्रेस अपने आप में ही उलझ रही है। कांग्रेसियों को खुद ही पता नहीं कि उनके नेताओं ने क्या किया, क्या नहीं किया। सिंधिया ने कहा कि 15 महीनों की कांग्रेस सरकार में जो भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी मैंने देखी, ऐसी स्थिति राजनीतिक जीवन में पहले कभी नहीं देखने को मिली। हमारे साथियों ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए अत्याचारी और दोगली सरकार के खिलाफ इस्तीफा दिया। मैंने और साथियों ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सदस्यता ली। कांग्रेस नेतृत्व पर हमले जारी रखते हुए राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को फिर कांग्रेस को घेरा। सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस में काबिल नेताओं पर सवालिया निशान खड़ा किया जाता है और उनके पूर्व दलीय सहयोगी सचिन पायलट ने भी हाल ही में यही स्थिति झेली है। कांग्रेस का दामन छोड़कर पांच महीने पहले भाजपा

में शामिल होने वाले सिंधिया ने कहा कि पायलट मेरे मित्र हैं। उन्होंने जो पीड़ा झेली है, उससे सब लोग वाकिफ हैं। कांग्रेस किस तरह इतने विलंब के बाद अपना घर दुरुस्त करने की कोशिश कर रही है, इस बात से भी सब वाकिफ हैं। उन्होंने कहा कि यह दुःख की बात है कि कांग्रेस में काबिलियत पर प्रश्न चिन्ह खड़ा किया जाता है। यही स्थिति मेरे पूर्व सहयोगी (पायलट) ने भी झेली है सिंधिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया गया है, अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास किया गया है और चीन को ईंट का जवाब पत्थर से दिया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के इन अहम कदमों के बाद कांग्रेस अब पूरी तरह विफलता की राह पर जा रही है। 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' की एक रिपोर्ट की पृष्ठभूमि में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर फेसबुक तथा व्हाट्सएप का इस्तेमाल करते हुए मतदाताओं को प्रभावित करने के लिये फर्जी खबरें फैलाने का आरोप लगाया है। इस आरोप को लेकर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर सिंधिया ने कहा कि इंटरनेट एक स्वतंत्र माध्यम है। लेकिन जनता का विश्वास खोने वाले लोगों के पास जब कहने को कुछ नहीं होता है, तो इन मुद्दों को पकड़ा जाता है। सिंधिया ने कहा कि मैं इस बात का पक्षधर हूं कि फेसबुक, व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया मंचों पर किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कही जाने वाली आपत्तिजनक बातों पर सख्ती से लगाम लगायी जानी चाहिए। सिंधिया ने बाबरी मस्जिद को लेकर कांग्रेस नेताओं के बयानों के बीच विरोधाभास का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्टी को खुद ही नहीं पता है कि उसके नेता (राजीव गांधी) ने क्या किया और क्या नहीं किया। सिंधिया ने कहा, %एक ओर वह (मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ) कह रहे हैं कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने बाबरी मस्जिद के ताले खुलवाए थे और दूसरी ओर शशि थरूर कह रहे हैं कि उन्होंने ताले नहीं खुलवाए थे। कांग्रेस को खुद ही नहीं पता है कि उसके नेता ने क्या किया और क्या नहीं किया। बता दें कि सिंधिया आज बाबा महाकाल की शाही सवारी में शामिल होने के लिए उज्जैन पहुंचे हैं। यहां उन्होंने कहा, जिस तरह से मेरी दादी और पिता ने सदैव सत्य के मार्ग पर चलते हुए जनता जनार्दन की सेवा की है, उसी प्रकार मैं भी सदैव सत्य के झंडे को ऊंचा रखते हुए, जनहित के लिए निरंतर कार्य करता रहूँगा।% इस दौरान उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री मोहन यादव के निवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की। सिंधिया वे कहा, %उज्जैन के साथ सिंधिया परिवार का राजनीतिक नहीं पारिवारिक रिश्ता रहा है। मालवा भूमि इंदौर-उज्जैन के समस्त नागरिकों को मेरा स्नेह। आपके आपार प्रेम का मैं सदैव ऋणी रहूंगा।

चेतक हेलीकॉप्टर ने इमरजेंसी लैंडिंग, स्थानीय लोगों ने बनाई वीडियो

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर चेतक को भागलपुर-मथुरा सीमा पर एक स्कूल के पास कुछ तकनीकी दिक्कतों के कारण एहतियातन लैंडिंग करानी पड़ी। चेतक में बैठे सभी सैनिक सुरक्षित हैं। चेतक ने सारी चेकिंग के बाद ही अपने गंतव्य के लिए उड़ान भरी थी। हेलीकॉप्टर चेतक की टेक ऑफ करने की वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल है।

बिहार में 6 सितंबर तक बढ़ा लॉकडाउन

नई दिल्ली। देश भर में कोरोना वायरस का प्रकोप जारी है। अकेले बिहार में कोरोना मरीजों का कुल आंकड़ा एक लाख से ज्यादा हो गया है। लिहाजा कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्य सरकार ने लॉकडाउन की मियाद बढ़ा दी गई है। नीतीश सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार, अब प्रदेश में 6 सितंबर तक लॉकडाउन लागू रहेगा। इससे पहले 16 अगस्त तक लॉकडाउन की मियाद बढ़ाई गई थी। गौरतलब है कि बिहार में कोरोना के एक लाख से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं, जिसमें 461 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक 72 हजार से ज्यादा कोरोना मरीज ठीक हो चुके हैं, जबकि सक्रिय मामलों की तादाद 31 हजार से ज्यादा है। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्य भर में लॉकडाउन लगा दिया गया था। हालांकि, आगे प्रतिबंधों में थोड़ी ढील दी गई है। बिहार सरकार ने कोरोना के कहर को देखते हुए कई तरह की पाबंदियां जारी रखी हैं। रात 10 से सुबह 5 बचे तक का रात्रि कर्फ्यू जारी रहेगा।

देश का पहला आयुर्वेदिक कोविड केयर सेंटर राजकोट में शुरू

राजकोट। राजकोट के अरविंद मणियार जनकल्याण ट्रस्ट की ओर से शहर में देश का पहला आयुर्वेदिक कोविड केयर सेंटर शुरू किया है। पांच सितारा होटल से भी बेहतर सुविधाओं से लैस कोविड केयर सेंटर का मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने ई लोकार्पण कर शुभकामनाएं दीं। आयुर्वेदिक कोविड केयर सेंटर की कोरोना संक्रमित मरीजों की रोग प्रतिकारक शक्ति बढ़ाकर उन्हें स्वस्थ करने में अहम भूमिका होगी। पांच सितारा होटल की भांति इस कोविड केयर सेंटर में बैड, सोफा, कुर्सी, टीवी और टेलीफोन समेत सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। राष्ट्रीय कामधेनु आयोग के अध्यक्ष डॉ. वल्लभ कथीरिया ने बताया कि कोविड केयर सेंटर कोई अस्पताल नहीं बल्कि अच्छे वातावरण में रहने की व्यवस्था के साथ एक आइसोलेशन सेंटर है।

बारामूला मुठभेड़

लश्कर के टॉप कमांडर सहित दो आतंकी ढेर

नई दिल्ली। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक आईजीपी विजय कुमार ने बताया कि बारामूला में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा एलईटी का कमांडर सज्जाद उर्फ हैदर मारा गया है। कुमार ने कहा, बारामुला इनकाउंटर में एलईटी का टॉप कमांडर सज्जाद को ढेर कर दिया गया है। यह पुलिस और सुरक्षाबलों के लिए बड़ी कामयाबी है। वहीं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ ने कहा कि अब तक सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है और एक एके रायफल व दो पिस्टल जब्त किए हैं। तीसरे आतंकी की तलाश जारी है। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में एक आतंकवादी हमले में सीआरपीएफ और पुलिस के तीन जवानों के शहीद होने की घटना के कुछ घंटे बाद यहां सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों ने एक नाके पर सोमवार सुबह सुरक्षा बल के एक दल पर हमला कर दिया था, जिसके बाद उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के करीरी इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच यह मुठभेड़ हुई। उन्होंने बताया कि हमले में सीआरपीएफ के दो जवान और जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ शहीद हो गया था। अधिकारी ने बताया कि हमले के तुरंत बाद ही सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर आतंकवादियों की धर-पकड़ के लिए अभियान शुरू कर दिया था। आईजीपी विजय कुमार ने मौके पर पहुंचकर संवाददाताओं से कहा, चश्मदीदों के अनुसार, घने बाग से तीन आतंकवादी आए थे और उन्होंने नाके पर अंधाधुंध गोलीबारी करनी शुरू कर दी। गोलीबारी में सीआरपीएफ के दो जवान और जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक कर्मी शहीद हो गया। ऐसा प्रतीत होता है कि हमले के पीछे लश्कर का हाथ है। हम इसका मुंहतोड़ जवाब देंगे।

शास्त्रीय गायक और पद्म विभूषण से सम्मानित पंडित जसराज का निधन

नई दिल्ली। जाने-माने शास्त्रीय गायक और पद्म विभूषण से सम्मानित पंडित जसराज का अमेरिका के न्यूजर्सी में निधन हो गया। उनकी बेटी दुर्गा जसराज ने यह जानकारी दी। पंडित जसराज 90 साल के थे। पंडित जसराज की भावनात्मक और मधुर आवाज सभी चार और आधे सुरों पर चलती है। इससे संगीत एक तीव्र भावनात्मक अभिव्यक्ति बन जाता है। मई 2018 में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय एनएसडी में आए पंडित जसराज ने गायक के रूप में अपने प्रारंभिक दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा था कि जब मैं युवा था, भगवान श्रीकृष्ण एक रात मेरे सपने में आए। उन्होंने मुझे बताया कि जो तुम दिल से गाते हो, वह सीधे मेरे दिल को छूता है। यही वह समय था, जब मैंने गाना शुरू किया था। उस रात के बाद से भगवान श्रीकृष्ण का प्रभाव मेरे गायन और जिंदगी पर हमेशा पड़ा।



फेसबुक विवाद: पब्लिक पॉलिसी डायरेक्टर ने दर्ज कराई धमकी की शिकायतन

नई दिल्ली। फेसबुक पर जहां राजनीतिक पक्ष लेने के आरोप लग रहे हैं। वहीं अब फेसबुक इंडिया की पब्लिक पॉलिसी डायरेक?टर अंखी दास ने धमकी देने के मामले में दिल्ली पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई है। अंखी दास का कहना है कि उन्होंने उन लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है जिन्होंने उन्हें धमकी दी है। दास के मुताबिक, फेसबुक और ट्विटर पर कुछ लोग उन्हें लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं और इसी के साथ ही उन पर भद्दी और अश्लील कमेंट भी कर रहे हैं। दास ने दिल्ली पुलिस की साइबर सेल में एफआईआर दर्ज कराई है, जिसमें कथित तौर पर उनकी जान को खतरा और यौन आपत्तिजनक टिप्पणी की शिकायत की गई है। 14 अगस्त को वॉल स्ट्रीट जर्नल में एक लेख प्रकाशित होने के बाद दास सुर्खियों में आईं। आरोप लगाया गया कि फेसबुक ने भारत में अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सत्तारूढ़ भाजपा का पक्ष लिया है।

f

-20 अगस्त को हो सकता है ऐलान

जीतन राम मांझी भी महागठबंधन से अलग होकर जदयू से मिलाएंगे हाथ

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में अभी समय है पर नेताओं में अवसरवाद के चलते आयाराम-गयाराम का सिलसिला शुरू हो चुका है। जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के वरिष्ठ नेता और बिहार सरकार के मंत्री श्याम रजक के राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) में शामिल होने की अटकलें हैं। दूसरी तरफ आरजेडी ने भी अपने तीन विधायकों को जेडीयू में जाने की भनक मिलते ही पार्टी से बाहर निकाल दिया। इस बीच ऐसी खबरें हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतन राम मांझी भी महागठबंधन से अलग होकर जदयू से हाथ मिलाएंगे। जीतन राम मांझी अपनी पार्टी का विलय जनता दल यूनाइटेड के साथ करेंगे या केवल गठबंधन होगा, इस पर अभी सस्पेंस कायम है। हालांकि ये दोनों विकल्प जीतन राम मांझी के पास मौजूद हैं। ज्यादा उम्मीद इसी बात की है कि मांझी जदयू के साथ गठबंधन करेंगे। माना जा रहा है कि 20 अगस्त को जीतन राम मांझी अपनी पार्टी के भविष्य को लेकर बड़ा फैसला लेने वाले हैं क्योंकि उसी दिन उन्होंने अपनी पार्टी की कोर कमेटी की बैठक बुलाई है। बताया जा रहा है कि महागठबंधन में आरजेडी और कांग्रेस के बीच सीटों को लेकर जो तालमेल हुआ है, उसमें हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा पार्टी को बहुत ज्यादा कुछ मिलने की उम्मीद नहीं है।

ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

पहले नंबर पर अमेजन के सीईओ जेफ बेजोस

मुकेश अंबानी टॉप 10 अमीरों की लिस्ट में 2 पायदान लुढ़के

नई दिल्ल। दुनिया के टॉप 10 अमीरों की लिस्ट में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन अब दो पायदान के नुकसान के साथ छठे नंबर पर आ गए हैं। इससे पहले वो चौथे स्थान पर थे। एक बार फिर वॉरेन बफेट और फेसबुक के सीईओ मार्क जुकरबर्ग उनसे आगे निकल गए हैं। फोर्ब्स रियल टाइम बिलेनियर लिस्ट के मुताबिक वॉरेन बफेट और मार्क जुकरबर्ग क्रमश चौथे और पांचवें नंबर पर हैं। पहले नंबर पर अमेजन के सीईओ जेफ बेजोस, दूसरे पर बिलगेट्स और तीसरे स्थान बरनार्ड अर्नाल्ट एंड फैमिली है। मुकेश अंबानी के नेटवर्थ में आज 1.1 अरब डॉलर की कमी आई है। इसकी वजह रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में गिरावट है। आज तीन बजे के करीब बीएसई पर आरआईएल का शेयर 1.23 ॿ के नुकसान के साथ 2088.00 के स्तर पर था। वहीं आज सबसे ज्यादा नुकसान हुई का यान को हुआ है। उनकी संपत्ति में 3.4 अरब डॉलर की की कमी हुई है। बता दें कि फोर्ब्स ?के रियल-टाइम बिलियनेयर रैंकिंग्स से हर रोज पब्लिक होल्डिंग्स में होने वाले उतार-चढ़ाव के बारे में जानकारी मिलती है। दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में शेयर बाजार खुलने के बाद हर 5 मिनट में यह इंडेक्स अपडेट होता है. जिन व्यक्तियों की संपत्ति किसी प्राइवेट कंपनी से संबंधित है, उनका नेटवर्थ दिन में एक बार अपडेट होता है।

शासकीय माध्यमिक विद्यालय टोडा करेरा के शौचालय के रात में अज्ञात लोगों ने तोड़े गेट

करेरा। विकासखंड करेरा अंतर्गत टोड़ा करैरा गांव के प्राथमिक विद्यालय में पिछले दिनों पूर्व छात्र शिवम् यादव ने अपनी प्रथम पाठशाला के प्रति समर्पण दिखाते हुए विद्यालय की सभी दीवारों पर निशुल्क पेंटिंग कार्य किया था। जो काफी चर्चा में रहा था।वही एक ओर इसी गांव के हाईवे सिद्ध मंदिर स्थित माध्यमिक विद्यालय में घुसकर रात्रि के अंधेरे में कुछ अज्ञात असमाजिक तत्वों ने शराब के नशे में बालिका शौचालय के गेटों को तोड़ा है । ग्रामीणों ने बताया कि सुबह जब हमारा स्कूल तरफ जाना हुआ तो शौचालय के गेट टूटे दिखे। एक ओर शिक्षा के क्षेत्र में गांव के प्राथमिक

विद्यालय का क्षेत्र में नाम रोशन हुआ था। वही कुछ लोग ऐसी घटनाओं को अंजाम देकर गांव की छवि धूमिल करने में लगे हुए हैं। माध्यमिक विद्यालय में आये दिन इसी प्रकार की घटनाओं को अंजाम दिया जाता है। जिसका मुख्य कारण है कि विद्यालय की बाउंड्री में मैन गेट नहीं है जिससे असमाजिक तत्व शराब पी कर इस प्रकार की हरकतें करने से बाज नहीं आते, समय रहते इन पर अंकुश नहीं लगाया गया तो ये इसी प्रकार की बड़ी घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं। वही गांव में पिछले दिनों से फुक चुकी डीपी का लाभ उठा कर अज्ञात लोग बिजली के खंभे और केबिल भी चोरी कर चुके हैं। लेकिन अब उनके निशाने पर गांव के विद्यालय है। जहां पर छात्रों को इनकी हरकतों के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ता है। करेरा की पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठे रहती है आखिर चोरों तक कब पहुंच पायेगी पुलिस। टोडा गांव के लोगों का कहना है कि करेरा पुलिस इस ओर ध्यान दे और हम सब ग्रामीण भी मदद करेंगे जिससे चोरों का पता लग जाए और ये चोरियां होना बंद हो जाए जिससे ग्रामीण सुख की नींद सो सकें।

गन्दगी भारत छोड़ो अभियान के तहत चलाया गया सफाई अभियान

दबोह(अर्पित गुप्ता)। मप्र शासन की मंशानुसार दबोह मुख्य नपाप अधिकारी एन आर खेंगर ने दबोह नगर में सफाई अभियान चलाया।इस दौरान उन्होंने नगर के गन्दगी वाले हिस्सो में सफाई अभियान चलाया व नाले नालियों को भी साफ कराया।इस दौरान नप अधिकारी एन आर खेंगर ने बताया कि गन्दगी भारत छोड़ो अभियान के तहत क्रम क्रम से नगर की हर गली मोहल्ले की साफ सफाई की जाएगी।इसी दौरान उन्होंने नगर की जनता से अपील की है कि वह अभियान के तहत अपने वार्ड और नगर को साफ रखने में हमेशा योगदान करें।घरो से निकलने वाला सूखा व गीला कचड़ा अलग अलग रखकर ही कचरा वाहन में डालें।पॉलीथिन प्रतिबन्ध का पूरा पालन करेंगे।अपने बाजार व अन्य सार्वजनिक स्थानों को गंदा नहीं करेंगे।खुले में शौंच नहीं करेंगे आदि बातो को ध्यान में रखें और अपने नगर व गली मोहल्ले को साफ व स्वच्छ रखें।इसी के साथ नगर के निकाय कर्मियों व अन्य सहयोगियों को स्वच्छता के की शपथ भी दिलाई गई।

वृद्धाश्रम मे खाना वितरण करके मनाया स्वंत्रता दिवस

नारायणलाल सैणचा

कर्नाटक जिला हासन तहसील चंनरायपटणा मे सेवा मंडली ने 74 स्वतन्त्रता दिवस मातृ भूमि वृद्धाश्रम मे मनाया प्रकाश जी जाट कहा की सेवा मंडली के प्रेरणा प्रमुख रविशंकर जी राष्ट्रीय झंडा पहनाकर राष्ट्रीय गीत गा कर सब समोधित किया भरत जाट ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रर्थना की सब ने मिलकर मातृ भूमी वृद्धाश्रम मे नाश्ता करवाया स्वतन्त्रता दिवस पर पुनाराम जी

सिरवी वृद्धाश्रम मे गायो के लिए एक टैक्टर टोली मक्की का चारा का सहयोग दिया सेवा मंडली ने पशुहार सेवा मंडली के सदस्य रविशंकर जी प्रकाश जी जाट सुरेश जी पटेल पुखराज जी धन्नाराम जी पटेल मंगलाराम जी काग नेमाराम जी सिरवी लाबुराम जी देवासी मौजूद रहे प्रकाश जी कहा है की मातृ भूमी वृद्धाश्रम मे नाश्ता केसरीभात व उपमा हमारे धर्म पत्नी व पुत्री ममता जाट पुत्र रोशन जाट व श्यामा देवी जी सिरवी व मैना देवी जी सिरवी ने मिलकर बनाया मातृ भूमी वृद्धाश्रम के संस्थापक नागणा व परिवार मौजूद रहा वन्देमातरम व भारत माता की जय से गुंज उठा वृद्धाश्रम मे चेहरे मुस्कान देखकर आनन्द का भाव।

समाज सुधार में आगे आया वाल्मीकि समाज

जोधपुर। बिलाड़ा में वाल्मीकि समाज के नवयुवक मंडल ने रविवार को सामाजिक सुधार के लिए एक मीटिंग रखी गई। जिसमें सामाजिक सुधार के लिए कई निर्णय लिए गए ।जिसमें मुख्य रुप से मृत्युभोज, बालविवाह, दहेजप्रथा , और फिजूलखर्ची को रोकने के लिए जोर दिया गया । वाल्मीकि समाज के समाजसेवी महेंद्र जावा,घनश्यामलाल घांवरी ,चेनाराम चनाल, मिठालाल खींची ने बताया कि बच्चियों की शिक्षा को लेकर हमें जागरूक होना चाहिए विशेष ।बिलाड़ा वाल्मीकि नवयुग मंडल ने समाज में व्याप्त कुरीतियां जेसे

मृत्युभोज सामाजिक फिजूलखर्ची मैं लाखों रुपए फिजूल बहा देते हैं, उन्हीं पेसों को समाज के बच्चों की शिक्षा में और स्वरोजगार में लगाने के लिए प्रेरित किया। शिक्षा के प्रति कमरुचि को देखते हुए समाज के बच्चों की शिक्षा के लिए अभिभावकों को घर-घर जाकर जागरूक करने ओर पहल करने का भी निर्णय लिया गया ।प्रतिभावान विद्यार्थियों को सामाजिक स्तर पर सम्मानित करने, समाज के बच्चों को खेलकूद में सपोर्ट करने ,बिलाड़ा में समाज के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास की व्यवस्था करने ,वाल्मीकि समाज के छात्रों के साथ आए दिन हो रही छुआछूत के प्रति विरोध करने जैसे निर्णय लिए गए । जिस समाज में जागरूकता पैदा हो और समाज विकास के पथ पर आगे बढ़ सके । सामाजिक जागरूकता की इस मीटिंग में समाज के वरिष्ठ नागरिक मीठालाल खींची, घनश्यामलाल घांवरी, चेनाराम चन्नाल महेंद्र जावा (उपाध्यक्ष) वाल्मीकि विकास समिति बिलाड़ा ,प्रदीप खींची,नदीम चौहान, मनोजकुमार जावा ,दिलीप चौहान ,मुकेश कंडारा,जितेंद्र जावा,शेखर जावा,राहुल खरालिया आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

वीरांगना रानी अवंती बाई की 189 वीं जयंती बड़े घूम धाम से मनाई

पुष्पेन्द्र राजपूत रिपोर्टर

करैरा / करैरा क्षेत्र के तहत ग्राम समोहा में रविवार 16 अगस्त को लोधी समाज की आन बान शान महारानी अवंतीबाई लोधी जी की जयंती मनाई वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती उत्साह के साथ मनाई। युवाओं ने रानी अवंतीबाई के बलिदान को नमन किया। उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप लोधी ने कहा कि देश के स्वाधीनता संग्राम में रानी अवंतीबाई ने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया था। इस

दौरान वे अपनी मातृभूमि को अंग्रेजों से आजाद कराने के लिए जंग लड़ते हुए शहीद हो गई थीं। देश उनका हमेशा ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि महारानी अवंतीबाई ने देश की आजादी के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी थी। वे सभी देशवासियों के लिए प्रेरणा का श्रोत बन गई हैं। उन्होंने कहा कि आज उनके दिखाए रास्ते पर चल कर देश की एकता व अखंडता को कायम रखा जा सकता है। समाज के युवाओं को वीरांगना अवंतीबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए। इस दौरान सभी युवाओं ने वीरांगना की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप लोधी यशवेंद्र लोधी ब्लॉक उपाध्यक्ष सुमित लोधी राजकुमार लोधी कपिल लोधी संजय लोधी दीनदयाल लोधी सुभाष लोधी पुष्पेन्द्र लोधी कामता लोधी सताह लोधी अनुज लोधी राघवेंद्र लोधी आकाश लोधी राहुल लोधी सुमित लोधी आदि लोग उपस्थित रहे

मछली पकड़ने गए एक युवक की गड्ढे में डूबने से हुई मौत

रिपोर्टर खेरागढ़-:राजकुमार राजपूत

थाना जगनेर क्षेत्र के गांव उदेना चार लड़के मछली पकड़ने गए थे जिसमें एक लड़के की गड्ढे में डूबने से

मौके पर ही मौत हो गई श्री सिद्ध बाबा मंदिर के पास बिजली घर के पीछे कुछ गड्ढों में पानी भरा रहता है उसमें चार लड़के मछली पकड़ने गए थे जिसमें संजय पुत्र श्री श्याम सिंह बाल्मीकि पैर फिसल गया और वह गड्ढे में चला गया उसे तैरना नहीं आता था इस कारण से उसकी मौके पर ही मौत हो गई है वही पास ही बने बिजली घर कर्मचारी अखिलेश और मनीष दोनों ने मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद लाश को बाहर निकाला मौके पर जगनेर थाना प्रभारी कुशल पाल सिंह मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवारों को मारी टक्कर एक मरा एक घायल

अरुण शुक्ला

भिंड/,मौ ऋष प्रजापति पिता बृजेंद्र प्रजापति उम्र 23 साल निवासी शंकर पुरा वार्ड क्रमांक 13 मौ,और उसका मित्र बाली पिता रमेश उम्र 32 साल जाती खटीक निवासी खटीक मोहल्ला वार्ड क्रमांक 7 मौ,दोनों बकरे-बकरी की खरीद-फरोख्त का धंधा करने वाले मित्र अपनी मोटरसाइकिल एमपी 30 एमएन 5234 पर सवार होकर गुमारे गांव से बकरा खरीद कर ला रहे थे परंतु रतवा रोड डांग नरुआ के मोड़ पर मौ की तरफ से आ रहे अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी टक्कर इतनी खतरनाक थी जिसमें ऋषि प्रजापति की मौके पर ही प्राण पखेरू उड़ गए तथा उसका दोस्त बाली जिसके हाथ के ऊपर से ट्रैक्टर का पहिया निकल गया जिस कारण बाली का हाथ फैक्चर हो गया और उसके कमर में गंभीर चोट आई राहगीरों ने शीघ्र 108 पर फोन लगाकर सूचना दी, मौ थाना 108 के पायलेट सोनू बाथम एवं उनके सहयोगी ईएमटी

महेश मौर्य बिना देर किए शीघ्र घटनास्थल पर पहुंचे पायलेट सोनू ने गंभीर स्थिति को देखते हुए शीघ्र घायल बाली को लेकर मौ स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, मेडीकल ऑफीसर अमृत राजे ने बाली की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे ग्वालियर जय रोग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

ओबीसी एकता संघ ने 27प्रतिशतआरक्षण एवं ओबीसी वर्ग जातिगत जनगणना कराने के लिए प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार जीएस बैरवा को सौंपा ज्ञापन।

करेरा। ओबीसी एकता संघ करेरा के द्वारा तहसील स्तर पर ओबीसी एकता संघ ने 27%आरक्षण एवं ओबीसी वर्ग की जातिगत जनगणना कराने सहित 15 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है ओबीसी एकता संघ के ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र कुशवाहा के द्वारा बताया गया है कि ओबीसी महासभा ने 27%आरक्षण को लेकर जो याचिका लगी हुई है उसी याचिका की सुनवाई पर हाईकोर्ट में मप्र सरकार अपना पक्ष मजबूती से रखे। और राज्य सरकार कैबिनेट एवं

विधानसभा सत्र बुलाकर ओबीसी की जातिगत जनगणना कराए जाने का प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजा जाए तथा देश भर में 54% से अधिक संख्या वाले पिछड़े वर्ग को सरकार द्वारा दिए गए 27%आरक्षण के विरूद्ध प्रस्तुत याचिकाओं में शासन का पक्ष मजबूती से रखते हुए संविधान के अनुच्छेद 16(4) के तहत शासकीय, अशासकीय, न्यायपालिका सहित समस्त क्षेत्रों में 54% ओबीसी आरक्षण लागू कराया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा मंडल आयोग की अनुशंसाओं को पूर्णता लागू करते हुए राज्यवार विधानसभा में सीटें और लोकसभा में 353 सीटें आरक्षित की जाए। ओबीसी महासभा ने सरकार द्वारा लगातार शासकीय विभागों के किये जा रहे निजीकरण कि प्रक्रिया को तत्काल बंद किया जाए ओबीसी महासभा संगठन इसका पुरजोर विरोध करता है साथ ही नीट परीक्षा में ओबीसी वर्ग को प्रदत्त आरक्षण लागू किया जाए। इसके साथ ही 15 सूत्रीय मांग रखी गई है ज्ञापन सौंपते समय ओबीसी एकता संघ के ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र कुशवाहा, मान सिंह फौजी कांग्रेस नेता, विधानसभा प्रभारी नरेंद्र यादव, ब्लाक उपाध्यक्ष शिशुपाल पाल, विधानसभा उपाध्यक्ष के एस कुशवाहा विधानसभा अध्यक्ष धर्मेंद्र रावत, दिहायला ब्लाक अध्यक्ष बॉबी रावत, उपाध्यक्ष सतेंद्र रावत, जीतेंद्र माझी सहित ओबीसी एकता संघ के कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

शिवसेना की गोमांस प्रतिबंध कानून एव तस्करों पर पीएसए लगाने की मांग

जम्मू। शिवसेना बाला साहेब ठाकरे जम्मू-कश्मीर ईकाई ने फ़गोजातीय तस्करों पर पीएसए एवं गोमांस पर प्रतिबंध लगाने के लिए कड़े कानून लागू करने की मांग की है। पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मनीश साहनी के निर्देशानुसार , पार्टी अध्यक्ष महिला ईकाई मिनाक्षी छिब्बर एव जिला रियासी अध्यक्ष भूरी सिह ने संयुक्त रूप से पत्रकारों से बातचीत करते हुए , गोजातीय तस्करों के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग की है । मिनाक्षी छिब्बर ने अपने संबोधन में हालही में रियासी इलाके में हुई शर्मनाक घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए, दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग की गई। मिनाक्षी ने मीडिया कर्मियों पर की जा रही कार्यवाही की निंदा करते हुए कहा कि , मीडिया प्रयासों से ही ऐसे मामले सामने आए हैं और पुलिस भी सतर्क हुईं है । उन्होंने कहा कि डीजीपी जम्मू-कश्मीर पुलिस, दिलबाग सिंह भी गौजातिय तस्करों पर पीएसए लगाने की बात कह चुके हैं । उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओ से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के साथ जातिए दंगे भड़कने का खतरा भी बना रहता है। वहीं भूरी सिंह ने कहा कि केंद्र द्वारा जम्मू और कश्मीर को विशेष दर्जा दिए जाने के बाद, जम्मू-कश्मीर में 157 साल पुराने गोमांस प्रतिबंध को अप्रभावी बना दिया गया था , जिससे गोजातीय तस्करी के हौसले बुलंद हुए है। भूरी सिंह ने कहा कि ऐसे मामलों को दर्ज करने और कड़ा दंड की प्रक्रिया तेज गति से होनी चाहिए और सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत अपराधियों को पकड़ा जाना चाहिए। वहीं पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मनीश साहनी ने उपराज्यपाल माननीय मनोज सिन्हा से गोमांस प्रतिबंध कानून को फिर से जम्मू-कश्मीर में लागू करने की मांग की गई। इस मौके पर महासचिव विकास बख्शी , सचिव राज सिंह , महासचिव जिला रियासी पूजा देवी, संतोष कुमारी, शपतैन सिंह उपस्थित हुए।

विकास के कार्यों की शुरुआत के साथ वृक्षारोपण का कार्य तेज गति से किया जा रहा

पाली. नरेश कुमार सिरवी. राजस्थान पंचायती राज विभाग के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के स्तर पर विकास के कार्यों की तेज गति से हुई शुरुआत. जिले के पाली उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत खेरवा. वडेर वास. सोडावास लांबिया बोमादड़ा बाणियावास टेवाली चाचोडी आदि सहित सभी ग्राम पंचायतों के अंतर्गत विकास के कार्यों की तेज गति से हुई शुरुआत. ग्राम पंचायत वडेर वास के सरपंच प्रतिनिधि अमराराम सिरवी द्वारा बताया गया कि इस समय ग्राम पंचायत के अंतर्गत चारदीवारी निर्माण कार्य पूर्ण हो गया. नाली निर्माण कार्य की शुरुआत निरीक्षण करके ग्राम पंचायत के संबंधित ग्रामों में नाली निर्माण का कार्य कराया जाएगा. शिवपुरा के ग्रामीणों की जन समस्या के अनुसार आज सरपंच प्रतिनिधि द्वारा तुरंत प्रभाव से ग्रामीणों की जन समस्या का समाधान किया गया जहां ग्रामीणों की मुख्य समस्या

तालाब में पानी की आवक शुरू करने के लिए नहर में साफ सफाई का कार्य शुरू करवाया गया जिससे ग्रामीणों के मुख्य गवाही तालाब में पानी आने से स्थानीय ग्रामीणों मुक बधिर बेजुबान पशु पक्षियों के लिए पीने का पानी के लिए ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत से आग्रह किया और ग्राम पंचायत द्वारा तुरंत प्रभाव से कार्य शुरू करवाया गया. खेरवा ग्रामपंचायत सरपंच संतोष कंवर प्रतिनिधि भरत सिंह राणावत द्वारा सफल प्रयासों से राजकीय माध्यमिक विद्यालय की चारदीवारी का कार्य शुरू करवाया गया. राणावत द्वारा इस समय ग्राम पंचायत के अंतर्गत तेज गति से शुरुआत की गई. कोविड-19 के दौरान काफी लंबे समय के बाद इस समय राजस्थान पंचायती राज विभाग के अंतर्गत ग्राम पंचायतों द्वारा विकास के कार्यों की तेज गति से शुरुआत की गई. ग्राम पंचायतचाचोडी. स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत शौचालय एवं नाली निर्माण का कार्य शुरू करवाया गया सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में इस समय विकास के कार्यों की तेज गति से शुरुआत की गई. सोडावास ग्राम पंचायत सरपंच राधा देवी सिरवी के नेतृत्व में ग्रेवल सड़क का कार्य हुआ शुरू. इस प्रकार जिले में विकास के कार्यों के साथ सभी ग्राम प्रमुख एवं उनके प्रतिनिधियों द्वारा वृक्षारोपण का कार्य जगह-जगह पर किया जा रहा है.ग्राम पंचायत बिलावास के सरपंच डिंपल सिरवी के नेतृत्व में 1100 वृक्ष लगाने का संकल्प लिया जिसकी शुरुआत की गई डिंपल सिरवी का सपना साकार करने के लिए ग्राम पंचायत के संपूर्ण सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों में हर जगह वृक्ष लगाए जाएंगे और हर वृक्ष लगाने के बाद हर आमजन को एक वृक्ष गोद में लेने का संकल्प दिया जाएगा. वार्षिक उत्सव 15 जुलाई को संपूर्ण जिले में वृक्षारोपण का वार्षिक उत्सव मनाया गया 15 जुलाई से 15 अगस्त तक संपूर्ण जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर हर जगह वृक्षारोपण किया गया मानसून की वापसी के दौरान इस समय ग्राम पंचायत एवं निजी क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया जा रहा. रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत.चाचोडी. सेवानिवृत्त शिक्षा विभाग के अधिकारी घिसूलाल बामणिया द्वारा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर वृक्षारोपण किया गया 74 वें स्वतंत्रता दिवस के पर्व पर सेवानिवृत्त शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं ग्राम पंचायत के सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित उपसरपंच जगाराम सिरवी ऑल इंडिया कांग्रेस जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह राजपुरोहित और गणमान्य ग्रामीणों की उपस्थिति में बामणिया द्वारा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर वृक्षारोपण किया गया. जिले के संपूर्ण ग्राम पंचायत सरपंच एवं जनप्रतिनिधि ग्राम पंचायत के संबंधित प्रशासनिक अधिकारी इस समय कोविड-19 को रोकने के लिए हर आमजन को सोशल डिस्टेंस के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही. कोराना वायरस के चलते जिले में लंबे समय बाद इस समय लगभग सभी ग्राम पंचायत स्तर पर विकास के कार्यों की तेज गति से हुई शुरुआत।

हमें हर हाल में पथ विक्रेताओं का काम-धंधा चालू करना है

मुख्यमंत्री चौहान ने शहरी पथ विक्रेता योजना के हितग्राहियों से वी.सी. के माध्यम से बातचीत की

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना संकट के चलते लॉकडाउन के कारण पथ विक्रेता छोटे-छोटे व्यवसाइयों का कार्य बुरी तरह प्रभावित हुआ है। हमें हर हालत में उनका काम-धंधा चालू करना है। इसके लिए प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर स्वनिधि योजना से शहरी पथ विक्रेताओं एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रता योजना के माध्यम से ग्रामीण पथ विक्रेताओं को काम-धंधे के लिए 10 हजार रूपये का ब्याजमुक्त ऋण सरकार उपलब्ध करा रही है। शहरी पथ विक्रेता योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में अव्वल है, जहां देश के 47 प्रतिशत प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय से प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर स्वनिधि योजना के हितग्राहियों से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके जिले के पथ विक्रेताओं को यह राशि जल्दी से जल्दी मिल जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पुलिसकर्मी अथवा नगरीय निकाय का अमला पथ विक्रेताओं को कार्य करने में अथवा ठेला लगाने में परेशान न करें। वी.सी में नगरीय आवास एवं विकास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, पमुख सचिव श्री नीतेश व्यास उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री

चौहान ने हितग्राहियों को संबोधित करते हुये कहा कि छोटी-मोटी नौकरी से अच्छा है स्वयं का काम-धंधा। इसके लिए सरकार कार्यशील पूंजी दिलवा रही है। उन्होंने बताया कि जब वे 9वीं कक्षा में भोपाल के मॉडल स्कूल टी.टी. नगर में पढ़ते थे तब स्कूल के पास ही एक व्यक्ति फुटपाथ पर प्लास्टिक का सामान बेचता था। देखते ही देखते उसने दुकान लगाना चालू किया और अब वो बड़ा व्यापारी बन गया है। आप सब भी अपना स्वयं का कार्य प्रारंभ कर आगे बढ़ें। गुना जिले के प्रेमनारायण ने बताया कि उन्होंने पथविक्रेता योजना के रूपयों से मूंगफली का ठेला लगाया है। इस पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जो मूंगफली में आनंद है, वो काजू-पिस्ता में कहां है। इसी प्रकार पथ विक्रेता विनय ने बताया कि उन्होंने मिली राशि से प्रेस की गुमठी लगाई है। शोभा माली ने बताया कि उन्होंने इस पैसे से मनहारी का ठेला लगाया है तथा 5 हजार रूपये बचा भी लिए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभी को शुभकामनाएं दीं। शिवपुरी के दीपेन्द्र परिहार ने बताया कि उन्होंने 10 हजार रूपये से चाट का ठेला लगाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री चौहान से कहा कि मामाजी मेरे ठेले पर आओ और खट्टा-मीठा झोल पी जाओ। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पानीपुरी सुनके मुंह में पानी आ रहा है। मैं आपके ठेले पर पानी-पुरी खाने आऊंगा। चर्चा के दौरान ग्वालियर के पथ विक्रेता मुकेश कुशवाह ने बताया कि उन्होंने योजना से मिली राशि से चामुण्डी बाजार में नमकीन का ठेला लगाया है। उनकी पत्नी ने योजना की राशि से सिलाई की मशीन लगाई है।

स्कूल शिक्षा मंत्री परमार ने शिक्षकों के ऑनलाइन मानसिक स्वास्थ्य कोर्स का शुभारंभ किया

भोपाल। स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री इन्दर सिंह परमार ने मंत्रालय में शिक्षकों के लिये ऑनलाइन मानसिक स्वास्थ्य कोर्स श्रंखला का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि विश्व के साथ ही देश-प्रदेश कोरोना संकटकाल से लम्बे समय जूझ रहा है। ऐसे में मनोदशा का विचलित होना स्वभाविक है। विद्यार्थियों के मन में अपनी शिक्षा एवं भविष्य को लेकर चिन्ता होना स्वभाविक है। ऐसी विकट परिस्थितियों में भी शिक्षा विभाग बच्चों की पढ़ाई को नियमित बनाने एवं उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिये कई नवाचार कर रहा है। इसी क्रम में शिक्षकों के लिये ऑनलाइन मानसिक स्वास्थ्य कोर्स शुरू किया जा रहा है। इससे शिक्षक तनाव और चिंता के वातावरण में भी बच्चों का दृष्टिकोण सकारात्मक बनाकर पढ़ाई कराने के साथ-साथ उनकी चिंताओं एवं समस्याओं का भी निराकरण हो सकेगा। यह कोर्स शिक्षकों को लिये और अधिक सक्षम एवं कौशलयुक्त बनायेगा। श्री परमार ने कहा कि उन्हें आशा है कि शिक्षक इस कोर्स को करने के बाद वातावरण को सामान्य बनाने के लिये कारगर प्रयास करेंगे। मंत्री श्री परमार ने कहा कि यह कोर्स चिंता, तनाव एवं अवसाद से उबारने में कारगर साबित होगा एवं शिक्षक अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक इसका लाभ पहुँचायेंगे प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने कहा कि कोविड संकटकाल में मानसिक रूप से स्वस्थ रहना और जरूरी हो गया है। इस समय मानसिक समस्याएँ बढ़ रही हैं बच्चे भी अपने भविष्य को लेकर भय और चिंता से ग्रस्त हैं। बच्चों को इस मनःस्थिति से उबारने के लिये शिक्षक को और अधिक कौशलयुक्त होना होगा इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर यह कोर्स प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि यह कोर्स पहली से 12वीं तक के सभी शिक्षकों के लिये होगा। श्रीमती शमी ने बताया कि भारत सरकार के मनोदर्पण पोर्टल पर भी इस विषय से संबंधित मॉड्यूल एवं टूल्स हैं शिक्षक उससे भी लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह कोर्स दीक्षा एप पर उपलब्ध होगा। आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती जयश्री कियावत ने मानसिक स्वास्थ्य कोर्स श्रंखला के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

सामाजिक न्याय मंत्री पटेल द्वारा सभी जिलों में विभागीय समीक्षा बैठक करने के निर्देश

15 अगस्त से शुरू हुआ नशा मुक्ति अभियान 15 मार्च तक चलेगा

भोपाल। सामाजिक न्याय एवं निश्शक्तजन कल्याण मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल ने विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक जिलें में जाकर दिव्यांग, वृद्धजन और कल्याणी महिलाओं के लिये किये जा रहे कार्यो की समीक्षा करने के निर्देश दिये हैं। बैठकों की शुरूआत अगले हफ्ते मंत्री श्री पटेल की अध्यक्षता में बड़वानी और खरगौन में होने वाली जिला स्तरीय बैठकों से होगी।श्री पटेल ने प्रत्येक जिले में रिक्त पदों की पूर्ति जल्दी से जल्दी करने के निर्देश दिये, ताकि दिव्यांगजनों को कोई तकलीफ न हों।

उन्होंने कहा कि सभी विभागों में दिव्यांजनों के लिये रिक्त पदों की जानकारी प्रस्तुत करे। श्री पटेल ने वरिष्ठ अधिकारियों को जिले आवंटित करने के निर्देश भी दिये। ये अधिकारी दौरा और सतत् बैठक कर दिव्यांगों और निश्शक्तजनों के कल्याण के लिये किये जा रहे कार्यों को सुनिश्चित करेंगे। श्री पटेल ने कहा निजी क्षेत्र कम्पनियों में दिव्यांगों की सहभागिता के लिये प्रयास तेज करें। सामाजिक न्याय एवं निश्शक्तजन कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव श्री प्रतीक हजेला, आयुक्त श्रीमती रेणु तिवारी और आयुक्त निश्शक्तजन श्री संदीप रजक भी बैठक में उपस्थित थे। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि भारत सरकार द्वारा 15 अगस्त से आरंभ नशा मुक्ति अभियान प्रदेश में भी शुरू कर दिया गया है।

किसान क्रेडिट कार्ड को आधार से लिंक करायें- मंत्री पटेल

वरिष्ठ कृषि अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित

भोपाल। कसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने मंत्रालय में कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ किसानों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिये वित्त के उचित प्रबंधन के लिये चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का समुचित लाभ दिलाने के लिये किसान क्रेडिट कार्ड (चष्टष्ट) को आधार से लिंक कराने के लिये आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाये। श्री पटेल ने किसानों से भी आग्रह किया कि वे अपने के.सी.सी. को आधार से लिंक कराये मंत्री श्री पटेल ने बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त श्री के.के. सिंह, प्रमुख सचिव कृषि श्री अजित केशरी और संचालक कृषि श्री संजीव सिंह को विभागीय योजनाओं से संबंधित

वित्तीय वर्ष 2020-21 में विभाग को आवंटित बजट को किसान हितैषी बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने विभाग की विभिन्न केन्द्र प्रवर्तित एवं राज्य शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को अधिकाधिक लाभ पहुंचाये जाने हेतु निर्देशित किया।

स्कूल शिक्षा मंत्री परमार ने शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों के वेबिनार का शुभारंभ किया

भोपाल। स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने मंत्रालय में शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों के कार्यक्षेत्र एवं उत्तरदायित्वों के निर्वहन के लिये विजन डॉक्यूमेंट वेबिनार का शुभारंभ किया। मंत्री श्री परमार ने कहा कि बदलती हुई परिस्थितियों में यह आवश्यक है कि स्वयं का मूल्यांकन कर कार्य-प्रणाली में सुधार एवं आधुनिकता लाई जाये। कई परेशानियों के बावजूद बेहतर परिणाम देना ही सबसे बड़ी चुनौती होती है। कोविड संकटकाल में परिस्थितियाँ बदलने के कारण कार्य करने के तरीकों में बदलाव आया है। इन तरीकों को और प्रभावी एवं परिणाममूलक बनाने के लिये हमें हमेशा सीखते रहना चाहिये एवं स्वयं को अद्यतन रखना चाहिये। विजन डॉक्यूमेंट कार्यशाला संस्थाओं का आंतरिक मूल्यांकन कर नई शिक्षा नीति के अनुरूप कई बदलाव आत्मसात करने में मार्गदर्शी साबित होगी। मंत्री श्री परमार ने कहा कि टीचर्स ट्रेनिंग संस्थान शिक्षकों को समय, समाज एवं परिस्थिति के अनुसार बेहतर तरीके से शिक्षा देने में अहम् भूमिका निभायेंगे। प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने कहा कि अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन द्वारा तैयार किया गया विजन डॉक्यूमेंट कार्यशाला शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण साबित होगी। सभी संस्थानों में हमेशा सुधार की संभावना होती है।

कोरोना संक्रमण रोकने के लिए सहयोग से सुरक्षा अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन हो

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कोरोना की स्थिति और व्यवस्थाओं की समीक्षा की

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण रोकने के लिए %सहयोग से सुरक्षा% अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। सभी को मास्क लगाने, 2 गज की दूरी रखने तथा अन्य सभी सावधानियां बरतने के लिए प्रेरित किया जाए। सभी कलेक्टर्स अपने जिलों में इस कार्य में सभी का सहयोग लें। इन सावधानियों का पालन करते हुए हम कोरोना संक्रमण को आसानी से रोक सकते हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश के 53 हजार गांवों में से 1500 गांवों में कोरोना का कम से कम एक मरीज है। हमें गांवों में कोरोना संक्रमण रोकने के हरसंभव प्रयास करने होंगे। इसके लिए रणनीति बनाकर कार्य करें। ग्राम सभाओं, डोंडी पिटवाने आदि के माध्यम से हर ग्रामवासी को कोरोना से बचाव के संबंध में जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रालय में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना

की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, डीजीपी श्री विवेक जौहरी, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान उपस्थित थे। जबलपुर जिले की समीक्षा में पाया गया कि गत 7 दिनों में लगभग 600 कोरोना के नए प्रकरण आए हैं। जबलपुर में कोरोना के 1704 पॉजीटिव एवं 495 एक्टिव मरीज है। जबलपुर की पॉजीटिविटी रेट 5.61 है, जो ज्यादा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जबलपुर पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। %सहयोग से सुरक्षा% अभियान के अंतर्गत सभी के सहयोग से कोरोना के संक्रमण को रोके जाने के सभी प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि रीवा एवं शहडोल के मेडिकल कॉलेजों का सुदृढ़ीकरण किया जाए तथा वहां कोरोना के इलाज संबंधी सभी व्यवस्थाएं उत्कृष्ट करें। सभी मेडिकल कॉलेजों में सिटी स्केन की व्यवस्था अनिवार्य रूप से हो। समीक्षा में बताया गया कि जबलपुर मेडिकल कॉलेज में प्लाज्मा थैरेपी से मरीजों को लाभ हो रहा है। प्लाज्मा थैरेपी में एक डोनर से 2 प्लाज्मा लिए जाते हैं। मरीज को 2 अलग-अलग डोनर्स का एक-एक प्लाज्मा दिया जाता है। एक्टिव मरीजों की देश में तुलनात्मक स्थिति अनुसार मध्यप्रदेश 16वें स्थान पर है। वहीं पॉजीटिव मरीजों की दृष्टि से 15वें स्थान पर है। प्रदेश में गत दिवस कोरोना के 10 हजार 312 एक्टिव मरीज एवं 45 हजार 455 पॉजीटिव मरीज थे। प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या में 80 की कमी आई है, आज प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या 10 हजार 232 है। मध्यप्रदेश में अभी तक कोरोना के 35 हजार 025 मरीज स्वस्थ होकर घर जा चुके हैं। प्रदेश की रिकवरी रेट 75.5 प्रतिशत हो गई है। प्रदेश की मृत्यु दर 2.43 प्रतिशत है तथा पॉजीटिविटी रेट 4.40 प्रतिशत है। जिलेवार कोरोना की समीक्षा में पाया गया कि इंदौर जिले में आज कोरोना के सर्वाधिक 245 नए प्रकरण आए हैं। इसके बाद जबलपुर में 93, भोपाल में 92, खरगौन में 36, ग्वालियर में 20 तथा गुना में 20 प्रकरण हैं।

संपादकीए

विवाह की उम्र

केंद्र सरकार शादी के लिए लड़की की न्यूनतम उम्र सीमा में बदलाव पर विचार कर रही है। माना जा रहा है कि सरकार की इस कवायद के पीछे सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला हो सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में कहा था कि महिला के मां बनने की सही उम्र के बारे में सलाह देने के लिए एक टास्क फोर्स बनाई जाएगी। अभी भारत में लड़की की शादी के लिए न्यूनतम उम्र 18 साल और लड़के के लिए 21 साल तय की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने अक्टूबर 2017 में एक फैसले में कहा था कि वैवाहिक बलात्कार से लड़की को बचाने के लिए बाल विवाह पूरी तरह से अवैध माना जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने विवाह के लिए न्यूनतम उम्र के बारे में फैसला लेने का काम सरकार पर छोड़ दिया था। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लड़कियों के लिए शादी की न्यूनतम आयु में बदलाव के संकेत दिए हैं। माना जा रहा है कि अब लड़कियों की शादी की न्यूनतम उम्र 18 से बढ़ाकर 21 की जा सकती है। इससे लड़कियों के जीवन में कई बदलाव आएंगे। लेकिन, बड़ा सवाल है कि आखिर सरकार बेटियों के विवाह की न्यूनतम उम्र क्यों बदलना चाहती है? लड़कियों की न्यूनतम उम्र सीमा में बदलाव करने के लिए पीछे उद्देश्य मातृ मृत्युदर में कमी लाना है। शादी के लिए लड़की और लड़के की न्यूनतम उम्र को एक समान होना चाहिए। अगर मां बनने की कानूनी उम्र 21 साल तय कर दी जाती है तो महिला की बच्चे पैदा करने की क्षमता वाले सालों की संख्या अपने आप घट जाएगी। भारत में बीते पांच सालों में तीन करोड़ 76 लाख लड़कियों की शादियां हुईं। इनमें से दो करोड़ 55 लाख ग्रामीण क्षेत्र में और एक करोड़ 21 लाख शहरी क्षेत्र में हुईं। इनमें से एक करोड़ 37 लाख (1.06 करोड़ ग्रामीण और 31 लाख शहरी) लड़कियों ने 18-19 की उम्र में शादी की। वहीं 75 लाख लड़कियों (49 लाख ग्रामीण और 26 लाख शहरी) ने 20-21 की उम्र में शादी की। ग्रामीण महिलाओं की बात करें तो पांच सालों में 61 फीसदी ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली लड़कियों ने 18-21 की उम्र के बीच शादी की। लड़कियों की शादी की उम्र यदि 21 वर्ष तय की जाती है तो हम बाल विवाह पर काफी हद तक अंकुश लगाने में सफल हो सकते हैं। अभी 18 वर्ष है तो 15 से 17 वर्ष की उम्र की लड़कियों का विवाह प्रशासन की आंख में धूल झोंककर आसानी से कर दिया जाता है। जब लड़की की उम्र 21 साल हो जाएगी, तो ऐसा कर पाना संभव नहीं होगा। फिर 18 साल किसी भी लड़की के लिए परिपक्व उम्र नहीं होती। अगर उसकी 18 साल में शादी हो गई और एक साल बाद वह मां बन गई तो उस पर दोहरी जिम्मेदारी आ जाती है। एक तो वह खुद अपनी जिम्मेदारी उठाने के काबिल नहीं होती, ऐसे में बच्चे की परवरिश कठिन हो जाती है। अतः सरकार को लड़कियों की उम्र 21 वर्ष निर्धारित करनी चाहिए। ऐसा करने से कई समस्याएं एक साथ हल हो सकती हैं। सऊदी अरब, यमन और जिबूती में लड़कियों की शादी की कोई न्यूनतम उम्र तय नहीं है। ईरान में 13 साल, लेबनान में 9 साल और सूडान में युवावस्था की शुरुआत लड़कियों की शादी न्यूनतम उम्र है। वहीं चाड और कुवैत में 15 साल की उम्र पार कर लेने के बाद लड़कियों की शादी की जा सकती है। अफगानिस्तान, बहरीन, पाकिस्तान, कतर और यूके समेत दुनिया के सात देशों में लड़कियों की शादी की न्यूनतम उम्र 16 साल है।

गटर में गुम होती जिंदगी

अवनीष कुमार

झारखण्ड के देवघर जिले के देवीपुर में रविवार को एक मकान के सेप्टिक टैंक की जहरीली गैस से दम घुटने के कारण छह लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक रविवार को सेप्टिक टैंक के अंदर राजमिस्त्री गोविंद मांझी, मजदूर लीलू मुर्मू उतरे। काफी देर तक अंदर से किसी तरह की आवाज नहीं आने पर मकान मालिक ब्रजेश भी टैंक के अंदर गए। काफी देर तक अंदर कोई हलचल नहीं होने पर उनके भाई मिथिलेश भी टैंक के अंदर गए। चारों के अंदर जाने के बाद भी कोई सुगबुगाहट नहीं होता देख राज मिस्त्री गोविंद का बेटा बबलू और लालू उन्हें बचाने के लिए अंदर गए। लेकिन दम घुटने के कारण अंदर ही सबकी मौत हो गई। राजस्थान में सीकर जिले के फतेहपुर में सीवरेज की खुदाई के दौरान हुई तीन मजदूरों की मौत के मामले में वहां के अपर जिला एवम सत्र न्यायाधीश ने कुछ माह पहले एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। कोर्ट ने इस मामले में कंपनी के इंजीनियर सहित तीन लोगों को गैर इरादतन हत्या का दोषी मानते हुये दस-दस साल के कारावास की सजा सुनाई थी। कोर्ट ने माना कि काम कर रहे मजदूरों के लिए सुरक्षा का इंतजाम करना कम्पनी की जिम्मेदारी थी। उस दिन कम्पनी की ओर से सीवरेज का काम किया जा रहा था। वहां सुरक्षा संबंधी पर्याय उपाय नहीं करने के कारण तीन मजदूरों को जान गंवानी पड़ी थी। सीवर सफाई के दौरान हादसों में मजदूरों की दर्दनाक मौतों की खबरें लगातार आती रहती हैं। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में सीवर टैंक की जहरीली गैस की चपेट में आने से 5 लोगों की मौत हो गई थी।

गुजरात के वड़ोदरा जिले के डभोई तहसील में एक होटल की सीवेरेज टैंक साफ करने उतरे सात मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई थी। उत्तर पश्चिम दिल्ली के एक मकान के सेप्टिक टैंक में उतरने के बाद दो मजदूरों की मौत हो गई थी। इस मामले में भी जांच में यह बात सामने आई थी कि मजदूर टैंक में बिना मास्क, ग्लब्स और सुरक्षा उपकरणों के उतरे थे। नोएडा स्थित सलारपुर में सीवर की खुदाई करते समय पास में बह रहे नाले का पानी भरने से दो मजदूरों की डूबने से मौत हो गई थी। गत वर्ष आन्ध्र प्रदेश राज्य के चित्तूर जिले के पालमनेरू मंडल गांव में एक गटर की सफाई करने के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से सात लोगो की मौत हो गयी थी। देश के विभिन्न हिस्सो में हम आये दिन इस प्रकार की घटनाओं से सम्बन्धित खबरें समाचार पत्रों में पढ़ते रहते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी सीवर में होने वाली मौतों पर चिंता जताने के साथ ही सख्त टिप्पणी की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि देश में आज भी जाति के आधार पर भेदभाव किया जाता है। मनुष्य के साथ मनुष्य द्वारा इस तरह का व्यवहार किया जाना सबसे अधिक अमानवीय आचरण है। इन परिस्थितियों में बदलाव होना चाहिए। कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल से सवाल किया था कि आखिर हाथ से मैला साफ करने और सीवर के नाले या मैनहोल की सफाई करने वालों को मास्क व ऑक्सीजन सिलेंडर जैसे सुरक्षा उपकरण क्यों नहीं मुहैया कराई जाते हैं? दुनिया के किसी भी देश में लोगों को इस तरह के गैस चैम्बर में मरने के लिये नहीं भेजा जाता है। इस वजह से हर महीने चार से पांच लोगों की मौत हो जाती है। कोर्ट ने कहा संविधान में प्रावधान है कि सभी मनुष्य समान हैं। लेकिन सम्बधित उन्हें समान सुविधाएं उपजब्ध नहीं करवाते हैं। कोर्ट ने इस स्थिति को अमानवीय करार दिया। अटॉर्नी जनरल ने पीठ से कहा था कि देश में नागरिकों को होने वाली क्षति और उनके लिए जिम्मेदार लोगों से निपटने के लिये अभी तक कानून नहीं बना है। मजिस्ट्रेट को ऐसी घटनाओं का स्वतः संज्ञान लेने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि सड़क पर झाड़ू लगा रहे या मैनहोल की सफाई कर रहे व्यक्ति के खिलाफ कोई मामला दायर नहीं किया जा सकता। लेकिन ये काम करने का निर्देश देने वाले अधिकारी या प्राधिकारी को इसका जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। देश के विभिन्न हिस्सो में पिछले एक वर्ष में सीवर की सफाई करने के दौरान 200 से अधिक व्यक्तियों की मौत हो चुकी है। इस अमानवीय त्रासदी में मरने वाले अधिकांश लोग असंगठित दैनिक मजदूर होते हैं। इस कारण इनके मरने पर कहीं विरोध दर्ज नहीं होता है। देश में करीबन 27 लाख सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं। जिसमें से 20 लाख ठेके पर काम करते हैं। एक सफाईकर्मी की औसतन कमाई 7 से 10 हजार रुपये प्रति माह तक होती है। गंदगी में काम करने से आधे से अधिक सफाई कर्मी तो कई बिमारियों से पीड़ित हो जाते हैं। इस कारण अधिकांश गटर साफ करने वाले लोगों की कम उम्र में ही मौत हो जाती है।

अमरगाथा

मैं उस पुण्यधरा का वासी हू,
जहाँ रहते अमर बलिदानी है,
राजगुरू और भगतसिंह की गाथा की कुर्बानी हू,
वीर शिवाजी और मराठों की सुंदर एक कहानी हू,
मैं उस पुण्यधरा का वासी हूँ...!

गीता और कुरान की,पूजा और अजान की,
ईद दीवाली होली हू,
मैं राम- रहीम की बोली हू,
मन्दिर मस्जिद गुरुद्वारों की अरदासों की वाणी हू,
मैं उस पुण्य धरा का वासी हूँ...!

ये धरती वीर जवानों की,खेतों की खलिहानों की,
ये धरती खाने खज़ानों की,सुरों की भाषाओ की,
जहाँ बहती गंगा यमुना है, जहाँ रास रचाता कृष्णा है,
राधाकृष्ण के प्रेम की अमिट एक कहानी हू,
मैं उस पुण्यधरा का वासी हूँ...!

लक्ष्मी दुर्गा काली है,जहाँ हर नारी मर्दानी है,
जहां जन्मी झाँसी की रानी है,
जो बुन्देली महारानी है,
सत्य समर्पण गीरता की अद्भुत एक कहानी हू,
मैं उस पुण्य धरा का वासी हू...।
स्वरचित सर्वाधिकार सुरक्षित

प्रियंका पवन खंताल (बावली)
झांसी उप्र

दुआओं का असर

बात उन दिनों की है जब स्कूल की फीस भरनी थी
ओर मेरे पास पैसो का अभाव होने के कारण मै समय पर अपनी बेटी की फीस जमा नहीं कर पाई ओर परीक्षा भी नजदीक थी जैसे तैसे करके स्कूल की फीस तो हो पाई पर लेट फीस ओर माँगी जा रही थी जो हमसे नहीं हो पाई प्रिंसिपल के ऑफिस भी बार बार लेट फीस बाद में भरने की माँग की परन्तु वह भी नहीं मानी एक दिन अचानक मैं फीस भरने स्कूल के दरवाजे के पर खड़ी थी वहां एक बूढ़े व्यक्ति की जेब से 2000 हजार का नोट गिर गया यह देख मैं बहुत खुश हुई ओर उस नोट को झट से उठा लिया व सोचने लगी इन पैसों से मेरी बेटी की लेट फीस भी भर जाएगी वह परीक्षा दे पायेगी परन्तु मुझे उस बूढ़े व्यक्ति को देखकर दया आगई उस नोट को उन्हें वापस लोटा दिया वह देखकर उस बूढ़े व्यक्ति की आँखो में आँसू आ गयेऔर उन्होंने कहा कि यदि आज ये 2000 हजार का नोट खो जाता तो मेरी पोती का साल खराब हो जाता मैंने बड़ी मुश्किल से फीस जुटाई है और वह मुस्कुराते हुए दुआऐ देकर अंदर चले गए जब मैं फीस भर रही थी तो प्रिंसिपल ने मुझे अपने ऑफिस में बुलाया मेरी बेटी की लेट फीस भी माफ कर दि तभी मुझे समझ आया कि यह हो ना हो ये सब उस बूढ़े व्यक्ति की दुआओ का ही असर है ।



राधा शर्मा
इन्दौर मध्यप्रदेश

खुशी और मन की शांति

हम जिस दुनिया से है यहां हर चीज पैसे से तोली जाती है।
लोग आपकी खैरियत पूछे या न पूछे,ये जरूर पूछते हैं कि आजकल आप क्या जॉब कर रहें है,और उससे कितना पैसा कमा रहे हो। अगर आपकी जॉब कम आमदनी वाली है तो लोग आपकी जॉब से आपके रहन-सहन,और सोच का अंदाजा लगा लेते हैं कि आप कूएं के मेंढक है जो कम पैसों में और छोटी सी नौकरी में अपने समय और ऊर्जा की खपत कर रहे हो। ये वह लोग हैं जिनके लिए केवल पैसा ही सबकुछ है ये पैसे के अलावा कुछ और सोचना नहीं चाहते और आपसे भी उम्मीद करते हैं कि आप भी केवल पैसे के बारे में ही सोचो। मैं ये बिल्कुल नहीं कहती कि पैसे के बारे में सोचना या पैसे को महत्व देना गलत है, मैं तो बस इतना कहना चाहती हूं कि केवल पैसे को जीवन का आधार बनाकर जीना ये तो गलत है। कई बार हम पैसे के मोह में इतने अंधे हो जाते है कि अपनी जिंदगी में आई छोटी- छोटी खुशियों को नहीं पहचान पाते, न ही कभी जीवन का आनंद ले पाते। हर जगह केवल पैसा और नफा-नुकसान ही हमें दिखता है। क्यों हम नहीं समझते कि जीवन ईश्वर की सबसे सुंदर देन है यहां सब जरुरी है पर सबसे ज्यादा जरुरी है खुशी और मन की शान्ति। पैसा कमाइए, बहुत पैसा कमाइए,यह आपकी जरुरतों को पूरा करेगा, लेकिन पैसे की अंधी दौड़ में अपनी खुशी और मन की शांति को मत भूल जाना क्योंकि ये दोनों ही आप पैसे से नहीं खरीद सकते।

अंकिता जैन अवनी
लेखिका/कवयित्री
अशोकनगर मप्र

नाम हो ऊंचा

हमारी सोच ऊंची हो , हमारा काम हो ऊंचा
चलें हम राह पर ऐसे, कि जग में नाम हो ऊंचा
बुराई से परे हों हम, भलाई ही करें हरदम
मन से प्रेम न हो कम, बनाएं सत्य को हमदम

बने जो सच के हम साथी, सदा परिणाम हो ऊंचा
चाहे जो भी हो मुश्किल, किसी का तोड़ेंगे न दिल
पाने का हरेक मंजिल, जज्बा मन में हो शामिल
कि ऊंची जीत पाएंगे , अगर संग्राम हो ऊंचा
न फैलाएं कभी नफरत, सभी सद्भाव में हों रत
हो चाहे धर्म कोई मत, हमेशा शीश रखें नत
हम सब भाई-भाई हैं , यही पैगाम हो ऊंचा
न रखें भाव हम मैले, कुरीती न कोई पैले
किसी दिल से न हम खेलें, कोई भी दंश न झेले
कि रीति जो सही उसका, सदा आयाम हो ऊंचा
न कोई दुख हो जीवन में , बुजुर्गों को रखें मन में
भले पड़ते न सुमिरन में, नहीं विश्वास पूजन में
बढ़के बाप से मां से, नहीं कोई धाम हो ऊंचा

विक्रम कुमार
मनोरा, वैशाली

'प्रेम'

प्रेम श्याम है,
प्रेम है शिव भी।
प्रेम है राधा,
प्रेम मीरा भी।
प्रेम है नारी,
प्रेम ही नर भी।
प्रेम है भाषा,
प्रेम मौन भी।
प्रेम सुधा है,
प्रेम है विष भी।
प्रेम है ममता,
प्रेम क्रोध भी।
प्रेम भोर है,
प्रेम निशा भी।
प्रेम जगत के हर कण कण में।
प्रेम में खुशियां,
दुख भी प्रेम में।
प्रेम में जीवन,
मृत्यु प्रेम में।
प्रेम समाया तुममें मुझमें...

रागिनी गुप्ता
भोपाल मप

क्या यही 21वीं सदी का हिंदुस्तान है ?

अनुराग राठौर

वर्तमान सरकारों द्वारा किये जाने वाले दावों और ढिंढोरों पर यदि विश्वास करें तो एक बार तो ऐसा लगेगा गोया देश को स्वतंत्रता ही अभी चंद वर्षों पूर्व ही मिली है। दावे भी ऐसे जिनपर लंबी टी वी डिबेट तो ज़रूर हो चुकी हैं,मंत्रीगण प्रेस कॉंफ्रेंस कर उन दावों से संबंधित हवाई क़िले भी बना चुके हैं,विज्ञापनों पर भी सैकड़ों करोड़ रूपये खर्च किये जा चुके हैं,शासक वर्ग द्वारा अपनी पीठें भी खूब थपथपाई जा चुकी हैं। परन्तु आज उन दावों का हश्र क्या है,धरातल पर कहाँ हैं वह दावे,कोई इन सवालों का जवाब देने वाला भी नहीं,न ही इनसे कोई पूछने वाला है। याद कीजिये जब देश में सौ स्मार्ट बनाने जैसा सब्ज़ बाग़ 6 वर्ष पूर्व दिखाया गया था। गंगा सफ़ाई अभियान को लेकर तरह तरह के भावनात्मक वादे किये जा रहे थे ,स्वच्छता अभियान,गौ संरक्षण के वादे,दावे और भावनात्मक बातें आदि सब कहाँ हैं किसी को नहीं पता। मगर बड़ी ढिटाई के साथ अभी भी यही कहा जा रहा

है कि हमारा देश इक्कीसवीं सदी का भारत बनने की दिशा में अग्रसर है। आत्मनिर्भरता व स्वावलंबन के ढोल, ज़ोर शोर से पीटे जा रहे हैं। परन्तु देश की असली हालत क्या है उसे समझना हो तो बिहार जैसे राज्यों में बाढ़ के हालात और इससे प्रभावित जनता की दुर्दशा की तरफ़ नज़रें उठाकर देखिये । राजधानी दिल्ली को बारिश में डूबते हुए देखिये। हज़ारों करोड़ खर्च हो जाने के बावजूद गंगा नदी की दुर्दशा देखिये। लगभग पूरे देश में सड़कों पर विचरण करते आवारा पशु जिनमें गोवंश की बढ़ती संख्या और इससे रोज़ाना होने वाली सैकड़ों दुर्घटनाएँ देखिये। गोया सरकारी दावों के विपरीत हमारा देश इक्कीसवीं सदी का भारत बनने की दिशा में आगे बढ़ने के बजाए दशकों पीछे जाता दिखाई दे रहा है। इन दिनों मानसून की बारिश देश के अधिकांश भागों में हो रही है। अनेक राज्यों में नए नाले व नालियां बनवाए गए हैं या बनवाए जा रहे हैं। शहरों की सड़कों व गलियों का निर्माण या इनकी मरम्मत कराई गयी है। यह सड़क व गली निर्माण जनता को सुख देने के बजाए काग़ज़ी साबित हो रहे हैं। भ्रष्टाचार की छत्रछाया में निर्मित इन सड़कों व गलियों को ठेकेदारों द्वारा प्रशासन की मिली भगत से तोड़ कर बनाने के बजाए बार बार ऊँचा किया जाता है। गहरी नालियों को छिछला कर दिया गया है। सीवर की जो पाइप लाइनें बिछाई गई हैं या उनके जो मेनहोल बनाए गए हैं वे या तो क्षति ग्रस्त हैं या अवरुद्ध हैं। परिणाम स्वरूप मामूली बारिश में या कभी कभी तो बिना बारिश के ही ये सीवरेज मेनहोल ओवरफ़्लो हो जाते हैं और लोगों के घरों में सीवरेज के मेन होल का कीड़ा मकोड़ा युक्त गन्दा दुर्गंध पूर्ण पानी वापस आने लगता है। इसी तरह सड़कें व गलियाँ ऊँची होने के चलते तमाम लोगों के मकान नीचे व सड़क गली का स्तर ऊँचा हो गया है। नतीजतन मामूली सी बारिश में भी गलियों में पानी भर जाता है और वही पानी लोगों के घरों में भरने लगता है। अन्य राज्यों की तरह हरियाणा में भी इसी अंदाज़ से राज्य के नगरपालिका व नगर निगम क्षेत्रों में तथाकथित %विकास कार्य% किये गए हैं। सड़कें व गलियाँ ऊँची हो गयी हैं और लोगों के मकान या दुकानें जो साधारण व्यक्ति अपने पूरे जीवन में मुश्किल से ही एक बार बना पाता है,वे डूब रहे हैं। इतना ही नहीं बल्कि मकानों में गन्दा बदबूदार नाली व सीवर का पानी प्रवेश होने के बाद घर के साज़ सामन भी भीग कर चौपट हो जाते हैं। सोने पर सुहागा यह कि शहरों में जो सफ़ाई कर्मचारी नियमित रूप से नालियों की सफ़ाई किया करते थे वे भी आना बंद हो चुके हैं। किसी नगर निगम या नगर पालिका के कर्मचारियों को तनख़्वाहें नहीं मिलतीं या देर से मिलती हैं,कहीं उनकी संख्या कम है कहीं उन्हें उनकी दैनिक ड्यूटी से मुक्त कर किसी वी आई पी क्षेत्र में लगा दिया जाता है या दूसरे अवरुद्ध नालों की सफ़ाई के नाम पर नियमित ड्यूटी से हटा लिया जाता है। गोया आम नागरिकों को सड़कें गलियाँ ऊँची करा कर उन्हें उनके हाल पर डूबने व बदबूदार पानी में बीमार होकर जीने-मरने के लिए छोड़ दिया गया है। पिछले दिनों मात्र एक घंटे की तेज़ बारिश में अम्बाला के सेक्टर 9 व 10 के बीच का मुख्य मार्ग तथा अग्रसेन चौक के आसपास का क्षेत्र तथा शहर के और भी कई इलाक़े पानी में डूब गए। यदि आप किसी से इन बातों की शिकायत करें तो जवाब मिलेगा कि आपका घर क्या,उनका भी घर डूबा है,आपकी गली मोहल्ला ही क्या अमुक मोहल्ला या सेक्टर भी डूबा हुआ है। और कुछ नहीं तो दिल्ली डूब रहा है,बिहार बह रहा है इस तरह के जवाबों से आपकी शिकायत का तुरंत बेहयाई पूर्ण जुबानी %समाधान% करने की कोशिश की जाती है।

कलेक्टर की अध्यक्षता में एकीकृत सहकारी विकास परियोजना की बैठक संपन्न

मुरैना। एकीकृत सहकारी विकास परियोजना मुरैना की जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास की अध्यक्षता में गत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में की गई। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने विपणन सहकारी संस्था मर्या कैलारस एवं विपणन सहकारी संस्था मर्या अम्बाह में 500 एम.टी. गोदाम के निर्माण के स्थान पर 1000 एम.टी. गोदाम निर्माण कार्य हेतु उक्त दोनो संस्थाओं में भूमि की उपलब्धता एवं भंण्डारण सरंचना को दृष्टिगत रखते हुये 25-25 लाख रूपये की अतिरिक्त राशि दिये जाने को सहमति प्रदान की गयी। सतनाम बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित कैलारस को डायवर्सन फंड में से ग्रेडिंग मशीन स्थापना हेतु 23.22 लाख रूपये की आर्थिक सहायता दिये जाने का प्रस्ताव अग्रेषित करने की सहमति प्रदान की गयी। शिक्षित श्रमिक उद्योग सहकारी प्रिंटिंग प्रेस संस्था मर्यादित मुरैना को डायवर्सन फंड में से ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस लगाने हेतु 15.37 लाख रूपये की आर्थिक सहायता दिये जाने का प्रस्ताव अग्रेषित करने की सहमति प्रदान की गयी। 100 मे.टन. गोदाम निर्माण की 110 लाख डायवर्सन करने की स्वीकृति दी गयी। परियोजना के कार्यकाल में एक वर्ष की वृद्धि किये जाने का प्रस्ताव अग्रेषित करने की सहमति प्रदान की गयी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैक मर्यादित मुरैना को बैक के मुख्यालय भवन निर्माण कार्य में गति लाने तथा बैक शाखा बानमौर के भवन का ई-टेंडर कर कार्य तत्काल प्रारंभ करने तथा शाखा रिठोंराकलॉ में भवन निर्माण का एस्टीमेट,नक्शा एवं समस्त दस्तावेज तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने दिये। उन्होंने एकीकृत सहकारी विकास परियोजना मुरैना के निर्माणाधीन समस्त कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश परियोजना के उपयंत्री एवं विकास अधिकारियो को दिये। जिला थोक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मार्केट के 5 कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने पिछ्ले माह जिला चिकित्सालय के सामने जिला थोक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मार्केट का निरीक्षण किया, जिसमें कोविड के टेस्ट किये जा रहे थे। निरीक्षण के दौरान सहकारी मार्केट में विद्युत लाइनों का जाल, लम्बे समय से पुताई नहीं कराने पर नाराजगी व्यक्त। उन्होंने उपायुक्त सहकारिता श्रीमती अनुभा सुध को निर्देश दिये कि सभी दुकानों पर सब मीटर लगवायें जाये, जिससे तारों का जाल नहीं लगे और सभी दुकानों की पुताई कराई जाये। उन्होंने कहा कि इस मार्केट की देख-रेख के लिये 5 कर्मचारियों को तैनात किया गया है, जिनके द्वारा किराया वसूली का कार्य किया जाता है, किन्तु इन पांचों कर्मचारियों ने सहकारिता के नियमों का अवलोकन नहीं कराने के आरोप में अगस्त माह का वेतन आहरित नहीं करने के निर्देश उपायुक्त सहकारिता को दिये। उन्होंने कहा कि अगली बैठक में संपूर्ण दुकानों की जानकारी, प्राप्त किये जा रहे किराया एवं दुकान आवंटन के नियमों से मुझे अवगत कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला सीईओ श्री तरूण भटनागर, उप संचालक कृषि, उप संचालक पशु चिकित्सा, महाप्रबंधक दुग्ध सहकारी संघ, सहायक संचालक मत्स्य, जिला विपणन, क्षेत्रीय प्रबंधक बीज और महाप्रबंधक एकीकृत सहकारिता विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित थे।

स्थानीय निकाय प्रतिदिन की प्रगति एवं शेष आधार सीडिंग की जानकारी उपलब्ध कराये - कलेक्टर

मुरैना। समस्त कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सम्बंधित स्थानीय निकाय से समन्वय स्थापित कर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 अंतर्गत तंजपवदउपजतं पोर्टल पर पात्रता पर्ची जारी के संबंध में निकाय के अधिकृत अधिकारी द्वारा अनुसंशित परिवारों को स्वीकृत की जानकारी एवं जे.एस.एस.ओ.लॉगिन से पात्रता पर्ची स्वीकृत किये गये परिवारों की जानकारी संबंधित स्थानीय को प्रतिदिन उपलब्ध करायें। यह निर्देश कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने सोमवार को टीएल बैठक में अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय को प्रतिदिन की प्रगति एवं शेष आधार सीडिंग की जानकारी उपलब्ध हो सके। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने सी.एम. हेल्पलाईन में लंबित पात्रता पर्ची संबंधित समस्त शिकायतों की पात्रता सेंक्शन की कार्यवाही कर जानकारी दो दिवस में खाद्य कार्यालय को निर्धारित प्रारूप में एक्सेल सीट में भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने पात्रता पर्चीधारी परिवारों के पीओएस मशीन से उचित मूल्य दुकानदारों द्वारा सीड किये जा रहे आधारकार्डों की प्रगति की समीक्षा दुकानवार की जावे तथा शेष रहे आधार कार्डों की सीडिंग 31 अगस्त तक पूर्ण करने हेतु दुकानदारों को निर्देशित कर प्रति सोमवार प्रगति की जानकारी प्रस्तुत करने हेतु सबंधित क्षेत्र के सहायक/कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया है। संबंधित स्थानीय निकायों को पंचायतवार/वार्डवार नवीन पात्र हितग्राहियों के सत्यापन एवं आधार सीडिंग की समीक्षा करने हेतु निर्देशित किया गया है। एम.राशन मित्रा पोर्टल पर सर्वे के दौरान (मृत, डुप्लीकेट, विवाह एवं अन्य कारणों से परिवार में नहीं रहने वाले) हितग्राहियों को पृथक की कार्यवाही तत्काल की जावे। जिन निकायों को नवीन पात्र हितग्राही जिनके आधारकार्ड पोर्टल पर सीडिंग करना है एवं सर्वे के दौरान अपात्रों की सूची प्राप्त नहीं हुई है, वे एन.आई.सी. की बेवसाईट िजजचेरूध्ध्उवतमदंण्दपबण्पदध् पर स्थानीय निकायवार एवं संबंधित उ.मू.दुकानों पर प्रदर्शित है, जहां से प्राप्त की जावे। जिन हितग्राहियों के नाम हटाने हेतु प्रस्तावित सूची में शामिल हैं तथा यदि उन्हें कोई आपत्ति है तो उन्हें दावा आपत्ति हेतु शहरी क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित तहसीलदार के यहां प्रस्तुत करने हेतु समझाईश दी जावे। जिन परिवारों द्वारा 06 माह से राशन नहीं किया जा रहा है, उनकी जांच कर पोर्टल से तत्काल विलोपित किया जावे, ताकि आधार सीडिंग कार्य में प्रगति आ सके।

अमर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए

अम्बाह। अमरशहीद कैप्टन वीरनारायण सिंह तोमर शहीद स्मारक में भूतपूर्व सैनिक संघ चंबल संभाग ने कीर्तिस्तभं के सामने रीट सेरेमनी का आयोजन किया इस अवसर पर अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह परमार ने शहीद कीर्ति स्तम्भ पर दीप जलाकर कार्यक्रम आगाज किया व सभी सैनिकों ने एक - एक करके शहीद कीर्ति स्तम्भ पर रीट चढ़ाई, इस अवसर पर अपने उद्बोधन में जितेद्र सिंह परमार ने कहा कि यह आजादी खैरात में नहीं मिली है इसके लिए करोडों लोगों ने अपने प्राणों की आहुतियां दीं हैं। भारतीय स्वाधीनता संग्राम का इतिहास वीरों की अनंत गाथाओं से भरा पडा है। आज उनकी क्रांतिकारी गाथाओं को न सिर्फ स्मरण करने का दिन है, अपितु उनकी गाथाओं को युवा पीढ़ी तक पँहुचाना भी आवश्यक है। इसी क्रम में प्रदीप तोमर ने कहा कि देश की स्वाधीनता के महानायकों ने देश को आजादी तो दिलादी , लेकिन क्या हमारा देश वाकई में आजाद है? यदि हाँ तो लाखों-करोडों लोग आज भी भूखे क्यों सोते हैं? क्यों उनके पास सिर छुपाने के लिए छत नहीं हैं? क्या हमारा यह दायित्व नहीं कि सदियों से उपेक्षित, प्रताडित और शोषण के शिकार रहे अपने ही भाईयों दलितों, पिछडों, आदिवासियों और सामान्य वर्ग के गरीब भाइयों को न्याय दिलाएं ।आज के दिन यह संकल्प लेना जरूरी है तत्पश्चात श्री भूषण शर्मा ने राष्ट्रीयगान आरम्भ किया भारत माता की जय का नारा लगाया। कवि महेशकुमार जैन विकल ने सभी सैनिकों के सामने देश भक्तिपूर्ण कविता प्रस्तुत की तथा परमाल सिंह परिहार ने देश भक्ति एवं जोश भारा उद्बोधन प्रस्तुत किया। इस आयोजन में विशेषरूप से शामिल होने वाले भूतपूर्व सैनिक कैप्टन रन सिंह तोमर, ऋषिकेश मिश्रा, दामोदर सिंह तोमर, राजेश शर्मा, रणवीर सिंह भदौरिया, रनवीर सिंह तोमर, राजकुमार सिंह तोमर, मुन्ना सिंह, डाल सिंह, दुर्जन सिंह, रामप्रकाश राजावत, सीताराम सिंह तोमर, बाबूराम, गजेंद्र सिंह, अरविन्द सिंह तोमर, श्याम सिंह तोमर , जण्डेल सिंह तोमर, राकेश जैन , राम सिंह तोमर, मधुराज सिंह तोमर, उमाचरण कटारे जी उपस्थित रहे।

कंटेनमेंट एरिया का शतप्रतिशत सैम्पल करायें - चंबल कमिश्नर मिश्रा

मुरैना। कोविड के मरीज निकलने पर उस क्षेत्र को कंटेनमेंट एरिया घोषित कर दिया जाता है। कंटेनमेंट एरिया में निवासरत शतप्रतिशत लोंगो के सैम्पल लिये जायें। तभी कोरोना पर काबू पाया जा सकता है। इसके साथ ही सोशल डिस्टेंस एवं मास्क का उपयोग (फेसकवर) करना अतिआवश्यक है। यह निर्देश चंबल कमिश्नर श्री रबीन्द्र कुमार मिश्रा ने 14 अगस्त 2020 को विभिन्न विभागों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री अशोक कुमार चौहान, संयुक्त आयुक्त विकास श्री राजेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर, महिला बाल विकास विभाग सहित अन्य संभागीय अधिकारी उपस्थित थे। चंबल कमिश्नर ने खाद्य औषधी नियंत्रक की समीक्षा की। जिसमें भिण्ड, श्योपुर की अपेक्षा पिछले त्रैमास में मुरैना जिले में एक भी सैम्पल नहीं कराने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और मुरैना स्थित सभी चारों खाद्य सुरक्षा निरीक्षक श्री धर्मेन्द्र जैन, रेखा सोनी, महेन्द्र सिंह सिसोदिया और अनिल प्रताप सिंह परिहार सहित सभी का अगस्त माह का वेतन आहरित नहीं करने के आदेश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिये। सीएमएचओ श्योपुर में सैम्पल प्रतिदिन 150-200 तक होने की बात कही। इस पर चंबल कमिश्नर ने नाराजगी व्यक्त की और सैम्पल क्षमता से अधिक करने की बात कही। भले ही पहले पॉजीटिव मरीज ज्यादा निकलें, किन्तु बाद में पॉजीटिव कम निकलेंगे और हम संक्रमण पर काबू पा सकेंगे। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिला या छोटे बच्चे पॉजीटिव आते है तो उन्हें होम क्वारंटाइन करायें, जिसके लिये अलग से रूम, खाना पीने के बर्तन होने चाहिये। घर के सभी सदस्यों से दूरी बनायें रखें और चिकित्सक दिन में दो बार ऐसे मरीजों से वीडिया कॉलिंग करके संपर्क बनाये रखें। कहीं स्थिति खराब न हो, उन्हें आवश्यक सुझाव समय-समय पर देते रहें। उन्होंने कहा कि कंन्ट्रॉल रूम बनायें, जिसका नंबर सभी को उपलब्ध करायें। जिससे पॉजीटिव मरीज तत्काल संपर्क कर सकें।

तकनीकी एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में कांउसलिंग 18 अगस्त से प्रारंभ होगी

मुरैना। मध्यप्रदेश स्थित शासकीय, स्वशासी, अनुदान प्राप्त, स्ववित्तीय एवं निजी संस्थानों में तकनीकी एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश सत्र 2020-21 के लिए 18 अगस्त से काउंसलिंग प्रारंभ होगी। कोरोना महामारी के दृष्टिगत अभ्यार्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन ऑनलाइन ही किया जायेगा। अभ्यार्थियों को सहायता केन्द्र उपस्थित नहीं होना पड़ेगा, पंजीयन के समय दी गई जानकारी को अपलोड किये गए दस्तावेजों से मिलान कर ऑनलाइन सत्यापन किया जायेगा। प्रवेश सत्र 2020-21 में स्वीकृत पाठ्यक्रम 5 वर्ष एम.बी.ए.,एम.सी.ए.,फार्म.डी, एकलव्य, अम्बेडकर योजना अन्तर्गत डिप्लोमा, नॉन पी.पी.टी. डिप्लोमा, बी.डी. फार्मेसी, बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट तथा बी.ई., बी.टेक.(अंशकालिक) पाठ्यक्रमों की कांउसलिंग 18 अगस्त 2020 से प्रारंभ होगी। सितम्बर माह में एन.आर.आई (बी.ई., बी.टेक, बी.आर्क) पाठ्यक्रमों की काउसलिंग 5 सितम्बर 2020, बी.ई.,बी.टेक (पूर्णकालिक) की 10 सितम्बर, एम.बी.ए.(पूर्णकालिक, अशंकालिक) तथा एम.सी.ए. की 15 सितम्बर, बी.आर्क, एम.फार्मसी, एम.ई, एम.टेक (पूर्णकालिक, अंशकालिक) की 16 सितम्बर, इंजीनियरिंग डिप्लोमा (प्रवेश परीक्षा आधारित) 17 सितम्बर, लेटरल एंट्री (बी.ई, बी.फार्मेसी) 21 सितम्बर तथा एम.आर्क की काउसलिंग 1 अक्टूबर 2020 को संभावित है। ऑनलाइन कांउसलिंग से संबंधित सभी जानकारी काउसंलिंग प्रक्रिया, सहायता केन्द्रों की सूची, पाठ्यक्रमवार संस्थाओं की सूची, समय-सारणी आदि वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आज विद्युत बंद रहेगी

मुरैना। विद्युत मंडल के उपमहाप्रबंधक श्री पी.एस. तोमर ने बताया कि 132 केव्ही से निकलने वाले 33 केव्ही बीरमपुरा फीडर पर संधारण कार्य होने के कारण 18 अगस्त 2020 को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक अरहैला, हरगांगोली, श्यारू, खेरिया, तालपुरा, चन्दा बाई पुरा, गुर्जा पुरा, फैली पुरा, सांटा, कांस पुरा, अहमद पुर, हड़वांसी, नाहरदौंकी, उम्मेदगढ़ आदि क्षेत्रों के उपभोक्ताओं की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

कोविड मरीजों को पूरे जिले में एकरूपता खाना मिले - कलेक्टर

मुरैना। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिये कि जिला चिकित्सालय सहित छात्रावास एवं ब्लॉक स्तर पर बनाये गये कोविड सेंटरों पर कोविड मरीजों को सभी सुविधायें एकरूपता में मिलें, जिसमें खाने से लेकर डिस्पोजल चादर, खाने के पैकेट, चाय नाश्ते आदि में एकरूपता आना चाहिये। शासन एक मरीज पर प्रतिदिन 300 रूपये खर्च करता है। कोविड मरीज पर उसी हिसाब से खर्च होना चाहिये।

डिप्टी कलेक्टर श्री राजीव समाधिया ने पदभार संभाला

मुरैना। गुना जिले से स्थानान्तरण होकर आये श्री राजीव समाधिया ने 14 अगस्त को मुरैना में डिप्टी कलेक्टर का पदभार ग्रहण कर लिया है। विदित है कि पिछले दिनों मध्यप्रदेश शासन द्वारा डिप्टी कलेक्टरों के स्थानान्तरण किये गये थे। आदेश के तहत डिप्टी कलेक्टर श्री समाधिया ने मुरैना में पदभार ग्रहण कर लिया है।

गणेश उत्सव 22 से - तैयारियां शुरु घरों में विराजेंगे भगवान गणेश

ग्वालियर । देश भर में 22 अगस्त से एक सितंबर तक गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा ।लेकिन इस बार कोरोना महामारी के कारण सार्वजनिक स्थानों पर बडी गणेश प्रतिमाएं स्थापित नहीं होगी और न ही झांकिया लगाई जाएगी ।शहर में घरों में लोगों ने गणेश उत्सव की तैयारियां शुरु कर दी है। भाद्र पद शुक्ल पक्ष चतुर्थी संवत्सर विक्रम संवत 2077 चतुर्थी तिथि इस साल 21 अगस्त को रात्रि 11 बजकर 3 मिनट से प्रारंभ होगी जो कि 22 अगस्त शाम 7 बजकर 57 मिनट तक रहेगी। इस बार गणपति महाराज की स्थापना हस्त नक्षत्र और साध्य योग में होगी। ज्योतिषचार्य सतीश सोनी के अनुसार इस साल गणेश चतुर्थी के अवसर पर सूर्य अपनी सिंह राशि में मंगल मेघ में गुरु, धनु में व शनि मकर राशि में रहेंगे। इन ग्रहों के योगों से गणेश उत्सव की शुरूआत भारत के लिए शुभ रहेगी। वहीं भारत व्यापार में उन्नाति करेगा। साथ ही विश्व में भारत का वर्चस्व बढ़ेगा। प्राकृतिक आपदा में कमी आएगी साथ ही देश की आमजनता के लिए यह समय अनुकूल रहेगा। वहीं इस साल गणेश चतुर्थी के अवसर पर भद्रा रहेगी। वहीं कृष्ण पक्ष में तृतीया व दशमी शुभ मानी गई है। इसलिए गणेश चतुर्थी पर भद्रा का गणपति की स्थापना पर कोई प्रभाव नहीं रहेगा।

कृषि विश्वविद्यालय का ऑनलाइन स्थापना दिवस समारोह 19 को

ग्वालियर। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय का 12वां स्थापना दिवस समारोह 19 अगस्त को कोरोना संक्रमण के कारण ऑनलाइन स्ट्रीमयार्ड एवं लाइव यूट्यूब पर आयोजित किया जाएगा। यह ऑनलाइन समारोह अपरान्ह 3 से 4.30 बजे तक आयोजित होगा। यह जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कुलसचिव डी. एल. कोरी ने देते हुए बताया कि इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर मुख्य अतिथि होंगे एवं विशिष्ट अतिथि मप्र के कृषि मंत्री कमल पटेल होंगे। समारोह के प्रारंभ में स्वागत भाषण कुलपति प्रो. एस. के. राव देंगे एवं धारवाड़ विश्वविद्यालय, कर्नाटक के पूर्व कुलपति डॉ. आर. आर. हांचीनल स्थापना दिवस भाषण देंगे।

दक्षिणी चीन में लीजियांग नदी का एक मनमोहक नजारा।

ऑकलैंड में कोरोना के नए मामलों की वजह से टला न्यूजीलैंड आम चुनाव



वेलिंग्टन। न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न ने ऑकलैंड में कोरोना वायरस के नए मामलों के मद्देनजर देश में होने वाले आम चुनावों को चार सप्ताह के लिए टालने की सोमवार को घोषणा की। देश में 19 सितम्बर को चुनाव होने थे, जो अब 17 अक्टूबर को होंगे। न्यूजीलैंड के कानून के तहत अर्डर्न को दो महीने तक चुनाव टालने का अधिकार है। ऑकलैंड में कोविड-19 के नए मामलों के मद्देनजर विपक्षी दल भी चुनाव टालने का लगातार आग्रह कर कर रहे थे। न्यूजीलैंड में पिछले सप्ताह एक बार फिर कोविड-19 के मामले सामने आए हैं, इससे पहले 102 दिन तक वहां वायरस का कोई नया मामला सामने नहीं आया था। ऑकलैंड में अभी संक्रमण के 49 मामले हैं। अर्डर्न ने चुनाव स्थगित करने से पहले संसद के सभी दलों के प्रतिनिधियों को चर्चा के लिए बुलाया था। उन्होंने कहा कि अंततः यह सुनिश्चित करना चाहती हूं कि हमारे पास सुचारू चुनाव प्रणाली हो जो मतदाओं को सभी दलों और उम्मीदवारों के बारे में जानकारी हासिल करने का सर्वश्रेष्ठ मौका दे। ओपिनियन पोल के अनुसार अर्डर्न की लेबर पार्टी एक बार फिर सत्ता में आ सकती है।

सावधान! अमेरिका में लाल प्याज से फैल रहा ये खतरनाक संक्रमण

न्यूयार्क। अमेरिका में जहां कोरोना ने अपना आतंक फैल रखा है। वहीं अमेरिका अब एक और संक्रमण की चपेट में आ गया है। अमेरिका में लाल प्याज से एक ऐसा संक्रमण फैल रहा है,इस खाने से कई लोग गंभीर बीमारी का शिकार हो रहे हैं। बता दें कि अमेरिका के लगभग कई राज्यों में ये इंफेक्शन काफी तेजी से फैल रहा है।अब तक 400 लोगों के संक्रमित होने की खबर सामने आ चुकी है,जबकि 60 लोग हॉस्पिटल में भर्ती हो चुके हैं।सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन ने अलर्ट जारी किया है,जिसमें लोगों को लाल प्याज खानें से मना किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, ये लाल प्याज थॉमसन इंटरनैशनल कंपनी की तरफ से सप्लाई की गई है। लाल प्याज के जरिए सैल्मोनेला बैक्टीरिया का संक्रमण फैल रहा है।इसके बाद सीडीसी ने लोगों को प्याज का सेवन करने पर रोक लगा दी है। बता दें कि इस लाल प्याज का सेवन करने से शरीर में सैल्मोनेला बैक्टीरिया फैलने लगता है।जिसके कारण व्यक्ति के शरीर का ताप तेजी से बढ़ने लगता हैं। इसके सेवन से पहले व्यक्ति को बहुत तेज बुखार आता है,फिर उल्टी, डायरिया और पेट में काफी तेज दर्द महसूस करने लगता है।रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस लाल प्याज के सेवन से अमेरिका के लगभग 34 राज्यों के 400 लोग संक्रमित हो चुके हैं। इस संक्रमण से तकरीबन 60 लोग अस्पताल में भर्ती हो चुके हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अगर किसी व्यक्ति ने इस लाल प्याज का सेवन किया है,तब तेज बुखार, उल्टी, पेट में दर्द और डायरिया के लक्ष्ण केवल 6 घंटों से लेकर 6 दिनों के अंदर कभी भी दिख सकते हैं। इस बैक्टेरिया के संक्रमण का असर हर व्यक्ति पर अलग-अलग समय पर नजर आता है। वहीं डॉक्टर्स के मुताबिक, इसका आमतौर पर सबसे ज्यादा असर बच्चे और 65 साल या इसके ऊपर की उम्र के लोगों में देखा जा सकता है। अगर इसका समय रहते इलाज नहीं कराया गया तो इससे फैलने वाला बैक्टेरिया शरीर के आतों तक फैलने लगता है जिससे व्यक्ति का पाचन तंत्र भी पूरी तरह खराब हो सकता हैं।

चीन ने अफ्रीका के सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था नाइजीरिया को कर्ज के जाल में फंसाया

अबूजा। चीन अपनी महत्वकांक्षाओं को पूरा करने के लिए किसी भी हद जा सकता है। चीन इसके लिए एक अलग ही फार्मूला अपनाता आया है। अपनी विस्तारवादी नीतियों को पूरा करने के लिए ड्रेगन कमजोर पड़ोसियों को कर्ज के जाल में फंसा लेता है और सक्षम पड़ोसियों को विवादों में फंसा कर रखता है। मिसाल के तौर पर चीन ने अमेरिका, भारत, ब्रिटेन, जापान और आस्ट्रेलिया जैसे देशों को तो विवादों में उलझा रखा है, जबकि पाकिस्तान, नेपाल, श्रीलंका, बांगलादेश जैसे पड़ोसी देशों को कर्ज देकर उनपर धीरे-धीरे अपने वर्चस्व बढ़ा रहा है। वर्तमान में चीन ने 150 से अधिक देशों को अपने कर्ज के जाल में फंसा रखा है। इनमें अफ्रीकी देश का नाम भी शामिल है। अफ्रीका की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था नाइजीरिया चीन के ऋणों के दबाव को लेकर 'अपनी' संप्रभुता खोने की कगार पर पहुंच गया है।

वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पीआईए ने पेरिस के लिए उड़ान बहाल की

इस्लामाबाद । पाकिस्तान इंटरनेशन एयरलाइंस (पीआईए) ने यूरोपीय हवाई सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) द्वारा सदस्य देशों में परिचालन की अनुमति छह महीने के लिए स्थगित किए जाने के करीब एक महीने बाद वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पेरिस के लिए उड़ान बहाल की। एक स्थानीय अखबार के मुताबिक शनिवार को 260 यात्रियों को लेकर पीआईए का विमान फ्रांस की राजधानी पेरिस के लिए रवाना हुआ। विमान में 2.5 टन सामान भी लदा था। पीआईए ने यूरोपीय देशों में चार्टर्ड उड़ान के जरिये अपनी सेवाएं बहाल करने की वैकल्पिक व्यवस्था की है। गौरतलब है कि ईएएसए के कदम के बाद ब्रिटेन के नागरिक उड्डयन प्राधिकारण ने भी बर्मिंघम, लंदन और मैनचेस्टर से पीआईए के विमानों के परिचालन के लिए जारी परिमिट वापस ले लिया था। इसके बाद पाकिस्तान के राष्ट्रीय विमानन कंपनी पीआईए में सेवारत पायलटों के फर्जी लाइसेंस के मामले के बीच अमेरिका ने भी कंपनी के उड़ानों पर छह महीने के लिए रोक लगा दी थी। पीआईए ने ब्रिटेन की उड़ानों को बहाल करने के लिए पुर्तगाली विमानन कंपनी से समझौता किया है। पुर्तगाली विमानन कंपनी पीआईए के लिए 300 सीटों की क्षमता वाले एयरबस ए-330 विमान का परिचालन करेगी। पाकिस्तान के उड्डयन मंत्री गुलाम सरवर ने कहा कि सरकार सभी तकनीकी और राजनयिक विकल्पों का इस्तेमाल प्रतिबंध हटाने और पीआईए के उड़ानों को अगले दो महीने में सामान्य करने के लिए कर रही है। ईएएसए ने पाकिस्तानी मंत्री द्वारा पीआईए के पायलटों के लाइसेंस की प्रामाणिकता को लेकर दिए गए बयान के बाद उड़ानों पर रोक लगाने का फैसला किया था।

पीएम मोदी की चेतावनी से चिंता में पड़ा चीन, सालों बाद चीनी विदेश मंत्री ने किया तिब्बत का दौरा

बीजिंग। तिब्बत प्राचीन काल से ही योगियों और सिद्धों का घर माना जाता रहा है तथा अपने नैसर्गिक सौंदर्य के लिए भी यह प्रसिद्ध है। संसार में सबसे अधिक ऊंचाई पर बसा प्रदेश तिब्बत मध्य एशिया का सबसे ऊंचा प्रमुख पठार है। वर्तमान में यह बौद्ध धर्म का प्रमुख केंद्र है। भारत की सीमा तिब्बत से लगती है न की चीन से। चीन ने 1951 में इस पर कब्जा कर अपने नियंत्रण में ले लिया था तभी से तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने भारत में शरण ले रखी है। चीन में तिब्बत का दर्जा एक स्वायत्तशासी क्षेत्र का है। चीन का कहना है कि इस इलाके पर सदियों से उसकी संप्रभुता रही है जबकि बहुत से तिब्बती लोग अपनी वफादारी अपने निर्वासित आध्यात्मिक नेता दलाई लामा के प्रति रखते हैं। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने तिब्बत और सीमावर्ती इलाकों का दौरा किया। उन्होंने देश के सर्वांगीण विकास के लिए क्षेत्र की सुरक्षा एवं स्थिरता पर जोर दिया। बता दें कि भारत के 74वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चेतावनी के एक दिन बाद चीन के विदेश मंत्री का तिब्बत दौरा बेहद खास माना जा रहा है। इस दौरान चीनी विदेश मंत्री ने भारत के खिलाफ खुलकर तो कोई बयान नहीं दिया, लेकिन इशारों में सीमा पर जारी तनाव के बीच तिब्बत की सुरक्षा को लेकर बात की। बताया जा रहा है कि वांग यी 5 साल बाद तिब्बत के दौरे पर पहुंचे हैं। चीन के शीर्ष नेता एवं अधिकारी तिब्बत का सालाना दौरा करते हैं, लेकिन चीनी विदेश मंत्री का इस क्षेत्र का दौरा कभी-कभार ही करते हैं। वांग, देश में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) के स्टेट काउंसलर भी हैं। उन्होंने पिछले दिनों तिब्बत की कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव वु यिंगजी और तिब्बत क्षेत्रीय सरकार के अध्यक्ष छिझाला तथा अन्य अधिकारियों से मुलाकात की।

चीन के एक चिड़ियाघर में विशालकाया पांडा को जन्मदिन पर विशेष प्रकार का केक खाने में दिया गया।

अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में कोरोना पीड़ितों का आंकड़ा 2,399 पहुंचा, 28 की मौत

पोर्ट ब्लेयर। भारतीय द्वीप समूह अंडमान एवं निकोबार में भी कोरोना का संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। यहां 93 नये मामले सामने आने के साथ केंद्र शासित प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 2,399 हो गई। एक अधिकारी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सभी नये मामले संक्रमितों के सम्पर्क में आये व्यक्तियों की पहचान करने के दौरान सामने आये। उन्होंने बताया कि कोविड-19 के कुल 2,399 मामलों में से 1,145 उपचाराधीन हैं जबकि 1,226 मरीज इस संक्रमण से ठीक हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि 28 मरीजों की मौत हो चुकी है। अधिकारी ने बताया कि केंद्र शासित प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 98 और मरीज संक्रमण से ठीक हुये हैं जिससे अब तक ठीक हुए मरीजों की कुल संख्या बढ़कर 1,226 हो चुकी है।

ट्रंप ने भारत का साथ देकर सही रुख अपनाया

वाशिंगटन । राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन के विरोध में खड़े होकर भारत का साथ दिया और कश्मीर मामले में कभी हस्तक्षेप नहीं करके एकदम सही रुख अपनाया है। यह कहना है अमेरिका के राष्ट्रपति के प्रचार अभियान से जुड़े अधिकारियों का। ट्रम्प के भारतीय-अमेरिकी समर्थकों ने कहा कि कोविड-19 से पहले ट्रम्प प्रशासन के नेतृत्व में अमेरिका में भारतीय-अमेरिकियों की बेरोजगारी दर में रिकॉर्ड गिरावट आई थी। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने विश्व मंच पर भारत का कद बढ़ाया, भारत का साथ देते हुए चीन के विरोध में खड़ा हुए और कश्मीर मुद्दे पर कभी हस्तक्षेप नहीं किया। 'ट्रम्प विक्ट्री इंडियन-अमेरिकन फाइनेंस कमेटी' के सह-अध्यक्ष अल मैसन ने कहा, '' संक्षेप में कहें तो, ट्रम्प ने भारत और भारतीय-अमेरिकियों के मामले में सही रुख अपनाया है।'' ट्रम्प अभियान से जुड़े अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय और भारत-अमेरिका संबंधों के मद्देनजर ट्रंप का चुनाव करना ही सही होगा।

प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी वकील एवं कैलिफोर्निया से रिपब्लिकन पार्टी की वरिष्ठ नेता हरमीत कौर ढिल्लो ने कहा, '' भारतीय-अमेरिकियों की पसंद स्पष्ट है...और चार साल के लिए ट्रम्प/पेंस।'' ढिल्लो ट्रम्प अभियान के 'इंडियन वॉयसेज फॉर ट्रम्प' की सह-अध्यक्ष हैं। ट्रम्प प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि कोविड-19 से पहले भारतीय-अमेरिकियों की बेरोजगारी दर में करीब 33.33 प्रतिशत की गिरावट आई थी। अमेरिकी श्रम सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार भारतीय-अमेरिकी बेरोजगारी दर 2015 में 4.1 प्रतिशत थी, जो 2019 में कम होकर 2.1 प्रतिशत रह गई। 'इंडियन वॉयसेज फॉर ट्रम्प' की दूसरी सह-अध्यक्ष मृणालिनी कुमारी ने कहा, '' भारतीय-अमेरिकी यकीनन वह समूह हैं जिन्हें अमेरिका की आजादी से सबसे ज्यादा फायदा हुआ है, जिसमें मुक्त बाजार, खुशी पाने की आजादी, श्रेष्ठ जीवन के लिए प्रयास करने की आजादी आदि शामिल है। साथ ही, धर्म का पालन करने की व्यक्तिगत स्वतंत्रता।'' भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सितम्बर 2019 में अमेरिकी यात्रा के दौरान भी ट्रम्प ने कहा था, ''हर दिन, भारतीय-अमेरिकी समुदाय हमारे देश को मजबूत बनाने और हमारे भविष्य के निर्माण में मदद कर रहा है।

हंगरी के बलाटोन तालाब में अपनी-अपनी नावों को चलाते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने वाले लोग।

धोनी की जर्सी भी रिटायर करने की मांग उठी

नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की सात नंबर की जर्सी को भी उनके संन्यास लेने के साथ ही सम्मान के तौर पर रिटायर किये जाने की मांग की जा रही है। सबसे पहले यह मांग भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने की है। बोर्ड के अधिकारी भी इससे सहमत हैं। कार्तिक ने पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप सेमीफाइनल में मिली हार के बाद ली गई अपनी और धोनी की फोटो के साथ पोस्ट किया। विश्व कप में सेमीफाइनल के बाद ली गई अंतिम फोटो। इस सफर के जरिए काफी शानदार यादें रहीं। मैं उम्मीद करता हूं कि बीसीसीआई सफेद गेंद के क्रिकेट से सात नंबर की जर्सी को भी रिटायर कर देगा। कार्तिक ने भारतीय टीम में अपना पदार्पण धोनी से तीन महीने पहले 2004 में किया था पर धोनी के आने के कारण कार्तिक 26 टेस्ट, 94 एकदिवसीय और 32 टी20 से ज्यादा मैच नहीं खेल पाया। कार्तिक ने लिखा, 'जिंदगी की दूसरी पारी के लिए 'गुड लक', मुझे पूरा भरोसा है कि आप हमें इसमें भी काफी हैरान करते रहेंगे।' इस पर प्रतिक्रिया देते हुए बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की सदस्य और पूर्व भारतीय महिला टीम की कप्तान शांता रंगास्वामी ने कहा कि धोनी इसके अधिकारी हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे खुशी है कि उन्होंने तब संन्यास लिया, जब लोग पूछ रहे हैं कि क्यों और क्यों नहीं। खिलाड़ी और कप्तान दोनों के तौर पर उनका योगदान काफी ज्यादा है।

टाटा संस बन सकती है आईपीएल प्रायोजक

मुम्बई। टाटा संस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) प्रायोजक बन सकती है। टाटा संस प्रायोजन अधिकार की दौड़ में सबसे आगे बनी हुई है। इस दौड़ में शामिल अन्य कंपनियों में पतंजलि आयर्वेद और जियो के अलावा ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म बायजू और अनअकैडमी फंतासी स्पोर्ट्स फर्म ड्रीम 11 भी शामिल हैं। इन सभी कंपनियों ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को अपना प्रस्ताव भेज दिया है। इससे पहले चीन के साथ तनाव को देखते हुए चीनी कंपनी वीवो को आईपीएल प्रयोजक से हटा दिया गया था। विशेषज्ञों का मानना है कि टाटा जैसी बड़ी फर्म के प्रायोजक बनने से आईपीएल को लाभ होगा। इसमें विदेशी निवेश भी है और अपेक्षाकृत कम ब्रांड इक्विटी है। सभी कंपनियां 200 करोड़ रुपये से अधिक भुगतान करने के लिए तैयार हैं। इसमें टाटा संस बेहतर ब्रांड है क्योंकि यह गैर-विवादास्पद ब्रांड है और इसकी छवि अच्छी है। ड्रीम 11 भी प्रायोजक की दौड़ में चल रही है, लेकिन इसके साथ अड़चन यह है कि इसमें तीन इंटरनेट स्टार्टअप्स ने विदेशी निवेश किया है। जिसमें चीनी फर्म टेनसेंट होल्डिंग्स से राशि ली गयी हैं। वहीं बाबा रामदेव की पतंजलि आयुर्वेद भी कोरोनानिल दवा को लेकर विवादों में आ गयी थी। वहीं इसी तरह जियो की मालिकाना हक वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस की पैरेंट कंपनी है। ऐसे में टाटा संस की दावेदारी सबसे प्रबल नजर आती है।

जोंस बोले अब राहुल और ऋषभ के बीच ही है मुकाबला

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और मशहूर कमेंटेटर डीन जोंस ने ट्वीट कर कहा है कि पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के संन्यास के बाद युवा विकेटकीपर बल्लेबाजों लोकेश राहुल और ऋषभ पंत को जरुर चैन की नींद आई होगी। जोंस ने इस ट्वीट के जरिये ये कहने की कोशिश की है कि अब ये दोनों ही खिलाड़ी पूर्ण रूप से विकेटकीपर की दौड़ में शामिल होंगे। अभी ऋषभ पंत और केएल राहुल के बीच विकेटकीपिंग को लेकर कड़ा मुकाबला है। ऋषभ टीम इंडिया में अधिक अवसर मिले हैं हालांकि वह अभी तक अपनी जगह पक्की नहीं कर पाये हैं। उनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी को देखते हुए केएल राहुल को विकेटकीपर और फिनिशर की भूमिका मिली। साल 2019 में केएल राहुल ने 70 से ज्यादा की औसत से रन बनाए। न्यूजीलैंड दौरे पर केएल राहुल ने सभी पांच टी20 मैचों में विकेटकीपिंग की, जिसमें उन्होंने 3 कैच और एक स्टंपिंग की। टी20 में भी राहुल ने 2019 में 53 से ज्यादा की औसत से रन बनाए। इससे साफ है राहुल विकेटकीपर के तौर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और ऐसे में ऋषभ के लिए वापसी आसान नहीं होगी पर धोनी के संन्यास के बाद अब इन दोनो के बीच ही मुकाबला रह गया है।

गावस्कर, गांगुली ने चेतन चौहान को याद किया

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने सबसे लंबे समय तक अपने सलामी जोड़ीदार रहे चेतन चौहान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी हैं। चेतन चौहान का रविवार को कोविड-19 संक्रमण के कारण अंगों के काम नहीं करने से निधन हो गया था। वहीं बीसीसीआई अध्यक्ष गांगुली ने कहा, 'चेतन चौहान के निधन के बारे में जानकर मुझे गहरी पीड़ा हुई है। जब वह भारतीय क्रिकेट टीम के मैनेजर थे तब मैंने उनके साथ बहुत समय बिताया था। वह सिर्फ एक मजबूत सलामी बल्लेबाज नहीं थे, बल्कि लोगों से लगाव रखने वाले शानदार व्यक्तित्व वाले व्यक्ति भी थे। इस वर्ष को भुलाने की जरूरत है क्योंकि यह हम सबसे बहुत सारे प्रिय लोगों को दूर ले गया है। वह हमेशा हमारे साथ रहेंगे। भगवान उनके परिवार को इस नुकसान से उबरने की ताकत दे। वहीं बीसीसीआई के सचिव जय शाह और कोषाध्यक्ष अरुण कुमार धूमल ने भी चौहान के निधन पर शोक जताया है और उनके परिवार और दोस्तों के प्रति गहरी संवेदना जताई है।

वार्न को आदर्श मानते हैं कुलदीप

मुंबई। टीम इंडिया के चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव आस्ट्रेलिया के पूर्व लेग स्पिनर शेन वार्न को अपना आदर्श मानते हैं। कुलदीप ने कहा कि वार्न ने उन्हें कई तरह से सहायता की है। कुलदीप ने साल 2017 में पुणे में आस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना पहला टेस्ट खेला था और तभी उनकी वार्न से मुलाकात हुई थी। कुलदीप ने कहा, 'मैं पुणे में एक टेस्ट मैच के दौरान शेन वार्न से मिला था। जब मैं उनसे पहली बार मिला था, उस समय अनिल कुंबले हमारे कोच थे और मैंने अपने कोच से कहा था कि मैं वार्न से मिलना चाहता हूं।' कुलदीप ने कहा, जब मैं वार्न से मिला तो मैं 10 मिनट तक कुछ बोल नहीं पाया। आखिरकार मैंने बात करना शुरू किया और हमने काफी बात की। मैंने उन्हें अपनी योजना बतायी और कहा कि जब मैं गेंदबाजी करता हूं तो कैसा महसूस करता हूं। मैंने उन्हें बताया कि किस तरह से मैं विकेट के दोनों ओर से गेंदबाजी करने का प्रयास करता हूं। कुलदीप ने कहा, उसके बाद से मैं उनसे कई बार मिल चुका हूं। वह हमेशा मुझे एक कोच की तरह गाइड करते हैं। वह मेरे एक दोस्त की तरह बन गये हैं।

हैमिल्टन ने 88वीं रेस जीती

मोंटमेलो। ब्रिटेन के लुईस हैमिल्टन ने स्पेनिश ग्रां प्री जीतने के साथ ही अपने फॉर्मूला वन करियर की 88वीं जीत हासिल की है। हैमिल्टन ने मैक्स वेरस्टापेन को 24 सेकेंड अंतर से पीछे छोड़ा, वेरस्टापने दूसरे स्थान पर रहे। वेरस्टापेन पिछली नौ रेस में आठ बार पोडियम पर जगह हासिल करने में सफल रहे हैं। वहीं वालटेरी बोटास को तीसरा स्थान मिला। इस जीत के साथ ही हैमिल्टन को अंक तालिका में 37 अंक की बढ़त मिल गयी है और वह माइकल शूमाकर के फॉर्मूला वन में सबसे अधिक 91 जीत के रिकॉर्ड से केवल तीन जीत पीछे रह गये हैं। इससे पहले बोटास सिल्वरस्टोन में पहले अभ्यास सत्र में सबसे कम समय निकाल कर शीर्ष स्थान पर रहे थे।

स्पाइसजेट अपने ड्रीमलाई में शामिल करेगी एयरबस ए340 कार्गो विमान

मुंबई। ?विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने कहा ?कि वह अपने ड्रीमलाई विमानों के बेड़े में जल्द एयरबस ए340 कार्गो विमान शामिल करेगी। ड्रीमलाई बेड़े में बड़े आकार के विमान के आने के बाद स्पाइसजेट यूरोप, स्वतंत्र राष्ट्रों के राष्ट्रकुल (सीआईएस) तथा अफ्रीकी क्षेत्रों को लंबी दूरी की कार्गो उड़ानों का परिचालन कर सकेगी। एयरबस ए340 कार्गो विमान के बाद स्पाइसजेट के बेड़े में कुल नौ कार्गो विमान हो जाएंगे। इनमें पांच बोइंग 737, तीन बॉम्बार्डियर क्यू-400 और एक एयरबस340 होगा। स्पाइसजेट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा ?कि पहला बड़े आकार का कार्गो विमान देश के सबसे बड़े कार्गो परिचालक के रूप में हमारी यात्रा में पासा पलटने वाला साबित होगा। उन्होंने कहा कि एयरलाइन जल्द यूरोप, अफ्रीका और सीआईएस देशों के लिए सीधी कार्गो उड़ानें शुरू करेगी। सिंह ने कहा कि कुछ महीने पहले हम इस बारे में सोच भी नहीं सकते थे।

गूगल ने ऑस्ट्रेलिया को चेताया, बंद हो सकती हैं मुफ्त सर्च सेवा

कैनबरा। गूगल ने चेतावनी दी है ?कि ऑस्ट्रेलिया से मुफ्त सर्च सेवाओं को वापस लिया जा सकता है। आस्ट्रेलिया सरकार गूगल से समाचार सामग्री के लिए भुगतान की योजना पर काम कर रही है। इसी की प्रतिक्रिया में गूगल ने सोमवार को यह चेतावनी दी है। अमेरिका की कंपनी ने ऑस्ट्रेलिया के लोगों को खुले पत्र% में यह चेतावनी दी है। ऑस्ट्रेलिया एक कानून के मसौदे पर काम कर रहा है जिसके तहत गूगल और फेसबुक दोनों को वाणिज्यिक मीडिया कंपनियों से ली गई समाचार सामग्रियों के लिए भुगतान करना पड़ सकता है। इस कानून पर सार्वजनिक विचार-विमर्श की प्रक्रिया एक सप्ताह में पूरी होनी है। गूगल ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के प्रबंध निदेशक मेल सिल्वा ने पत्र में कहा है ?कि इस प्रस्तावित कानून की वजह से हमें आपको काफी खराब गूगल सर्च और यूट्यूब उपलब्ध कराने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

प्राकृतिक गैस के दामों में आ सकती है बड़ी गिरावट

नई दिल्ली। भारत में प्राकृतिक गैस के दामों में बड़ी गिरावट आने की संभावना है। इससे ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) जैसी गैस उत्पादक कंपनियों की कमाई पर बुरा असर पड़ सकता है। अनुमान के मुताबिक भारत में अक्टूबर से प्राकृतिक गैस की कीमत घटकर 1.90-1.94 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू पर आ सकती है। यह देश में एक दशक से अधिक समय में प्राकृतिक गैस की कीमतों का सबसे निचला स्तर होगा। गौरतलब है ?कि इस समय देश की गैस उ?पादक कंपनियां पहले से ही भारी नुकसान में हैं। हालांकि उ?मीद की जा सकती है कि नेचुरल गैस के दामों में कमी से सीएनजी, एलपीजी और पीएनजी की कीमतें घटेंगी। सूत्रों के मुताबिक, 1 अक्टूबर 2020 से प्राकृतिक गैस की कीमतों में संशोधन होना है। गैस निर्यातक देशों की बेंचमार्क दरों में बदलाव के हिसाब से गैस का दाम घटकर 1.90 से 1.94 डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट रह जाएगा। अगर ऐसा होता है तो एक साल में यह प्राकृतिक गैस की कीमतों में लगातार तीसरी कटौती होगी। इससे पहले अप्रैल में नेचुरल गैस की कीमतों में 26 फीसदी की बड़ी कटौती की गई थी। इससे नेचुरल गैस के दाम घटकर 2.39 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू रह गए थे। ओएनजीसी को प्रतिदिन 6.5 करोड़ घनमीटर गैस के उत्पादन पर नुकसान हो रहा है। केंद्र सरकार ने नवंबर, 2014 में नया गैस मूल्य फॉर्मूला पेश किया था। यह अमेरिका, कनाडा और रूस जैसे गैस अधिशेष वाले देशों के मूल्य केंद्रों पर आधारित है। इस समय गैस का दाम 2.39 डॉलर प्रति इकाई है, जो पिछले एक दशक से अधिक समय में सबसे कम है। ओएनजीसी ने हाल में सरकार को लिखे पत्र में कहा है कि नई खोजों से गैस उत्पादन में 5-9 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू का दाम होने पर ही वह लाभ की स्थिति में रह सकती है। सरकार ने मई 2010 में बिजली और उर्वरक कंपनियों को बेची जाने वाली गैस का दाम 1.79 डॉलर प्रति इकाई से बढ़ाकर 4.20 डॉलर प्रति इकाई किया था। ओएनजीसी और ऑयल इंडिया को गैस उत्पादन के लिए 3.818 डॉलर प्रति इकाई का दाम मिलता था। इसमें 10 फीसदी रॉयल्टी जोड़ने के बाद उपभोक्ताओं के लिए इसकी लागत 4.20 डॉलर बैठती थी। कांग्रेस के नेतृ?व वाली यूपीए सरकार ने एक नए मूल्य फॉर्मूला को मंजूरी दी थी, जिसका क्रियान्वयन 2014 से होना था।

सीएनजी, एलपीजी और पीएनजी की कीमतें घटेंगी

45 किलो गांजे के साथ चार तस्कर गिरफ्तार...

ग्वालियर। क्राइम ब्रांच ग्वालियर ने चार गांजा तस्करों को अवैध गांजा एवं वाहनों के साथ गिरफ्तार कर उनके पास से 45 किलो गांजा कीमती साढ़े चार लाख रूपये का गांजा जप्त किया है। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर अमित सांघी,भापुसे द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थों का क्रय-बिक्रय करने वाले लोगों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को बीती रात जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि डबरा की तरफ से ग्वालियर की ओर दो वाहनों में गांजा बड़ी मात्रा में लेकर तस्कर आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल अति0 पुलिस अधीक्षक ग्वालियर षहर पष्चिम/अपराध श्री सत्येन्द्र सिंह तोमर को क्राईम ब्रांच की टीम लगाकर गांजा तस्करों को पकड़ने हेतु निर्देशित किया। उप पुलिस अधीक्षक अपराध श्री रत्नेष तोमर के मार्गदर्षन में क्राईम ब्रांच की टीम गठित की गई। दिनांक 16.08.2020 को रात्रि में प्रभारी क्राइम ब्रांच श्री विनोद शर्मा के नेतृत्व में क्राईम ब्रांच की दो टीमों को टेकनपुर तिराहा और समूदन पुल के पास चैकिंग हेतु लगाया गया। रात्रि में टेकनपुर तिराहा पर लगी क्राईम टीम को मुखबिर के बताये अनुसार एक वेन्यू हुण्डई कार

एमपी07-सीएच-7368 आती दिखी। जिसे क्राईम ब्रांच द्वारा रोका गया, कार रूकते ही उसमें सवार दो व्यक्तियों ने भागने का प्रयास किया जिन्हे क्राईम टीम द्वारा धरदबोचा। कार की तलाशी लेने पर पीछे की शीट के नीचे प्लास्टिक की बोरी में सात पैकेट रखे मिले जिन्हे मौके पर ही खोलकर देखा गया तो उसमें गांजा भरा हुआ था। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम 1. शिवप्रताप राणा पुत्र नरेन्द्र राणा निवासी आर्य नगर मुरार 2. सुनील शर्मा पुत्र जयप्रकाश शर्मा निवासी करियावटी थाना भितरवार हाल सूर्य नगर एबी रोड डबरा जिला ग्वालियर का होना बताया। गांजे की तोल कराने पर 21 किलो कीमती 2 लाख 10 हजार एवं एक वेन्यू होण्डई कार जप्त की गई। मुखबिर के बताये अनुसार समूदन पुल के पास लगी हुई टीम को रात्रि में आयशर लोडिंग ट्रक क्रमांक एमपी07-जीए-8184 आता दिखा, जिसे रोककर तलाशी लेने पर ट्रक के बॉक्स में 8 पैकेट रखे मिले जिन्हे खोलकर देखा गया तो उनमें गांजा भरा हुआ था। ट्रक में सवार दोनों व्यक्तियों से पूछताछ में उन्होने अपने नाम 1. मोन्टी उर्फ जागेन्द्र सोनी पुत्र मुनेश सोनी निवासी वार्ड नं. 8 लुहार थाना भितरवार 2. हरिओम प्रजापित पुत्र रमेश प्रजापति निवासी गोलेश्वर के पास वार्ड नं. 4 भितरवार जिला ग्वालियर बताये। गांजे की तोल कराने पर मात्रा कुल 24 किलो कीमती 2 लाख 40 हजार रूपये एवं आयशर लोडिंग ट्रक क्रमांक एमपी07-जीए-8184 जप्त किया गया। उक्त आरोपीगण गांजे की खेप झांसी से लेकर ग्वालियर खपाने के लिये आ रहे थे। ग्वालियर में यह किन लोगों को बैचने वाले थे, इसके संबंध में पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपीगण - 1. शिवप्रताप राणा पुत्र नरेन्द्र राणा निवासी आर्य नगर मुरार 2. सुनील शर्मा पुत्र जयप्रकाश शर्मा निवासी करियावटी थाना भितरवार हाल सूर्य नगर एबी रोड डबरा जिला ग्वालियर 3. मोन्टी उर्फ जागेन्द्र सोनी पुत्र मुनेश सोनी निवासी वार्ड नं. 8 लुहार थाना भितरवार 4. हरिओम प्रजापित पुत्र रमेश प्रजापति निवासी गोलेश्वर के पास वार्ड नं. 4 भितरवार बरामद मशरूका - 1. शिवप्रताप राणा एवं सुनील शर्मा से 21 किलो गांजा कीमती 2 लाख 10 हजार एवं एक वेन्यू होण्डई कार एमपी07-सीएच-7368 जप्त की गई। 2. मोन्टी उर्फ जागेन्द्र सोनी एवं हरिओम प्रजापित से 24 किलो गांजा कीमती 2 लाख 40 हजार रूपये एवं आयशर लोडिंग ट्रक क्रमांक एमपी07-जीए-8184 जप्त किया गया। कुल गांजा 45 किलो कीमती 4 लाख 50 हजार रूपये सराहनीय भूमिका - उक्त बदमाष को गिरफ्तार करने मे प्रभारी क्राईम ब्रांच उनि विनोद शर्मा, नरेन्द्र सिसौदिया, मनोज परमार, बलराम माझी, प्रआर0 राजीव सोलंकी, आर0 चन्द्रवीर गुर्जर, राजेश तोमर, भगवती सोलंकी, नरवीर राणा, अनिल मौर्य, लोकेन्द्र तोमर, लोकेन्द्र चौहान, रामवीर, महेन्द्र सिरवार,विकाश तोमर,रोहित, महेन्द्र शाक्य, पवन झा, रामबाबू, विश्वीर जाट, अभिषेक, विवेक पाठक, हेमन्त चौहान, अभय सिकरवार की सराहनीय भूमिका रही है।

संभाग आयुक्त ओझा ने अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में दिए निर्देश

वन स्टॉप सेंटर योजना का जरूरतमंद महिलाओं को लाभ मिले

ग्वालियर। संभाग आयुक्त श्री एम बी ओझा ने योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित वन करते हुए संबंधित निर्माण एजेन्सियों को निर्देश दिए कि विकास एवं निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण हों, ऐसे कार्य जो प्रगति पर हैं उन्हें शीघ्र पूर्ण करने की कार्रवाई करें। संभाग

स्टॉप सेंटर योजना का लाभ पीड़ित जरूरतमंद महिलाओं को मिले। साथ ही उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित भी कराएँ। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर योजना तथा महिलाओं के हित में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर विशेष जोर दिया। संभाग आयुक्त श्री ओझा ने सोमवार को अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में इस आशय के निर्देश दिए। संभाग आयुक्त श्री एम बी ओझा ने ग्वालियर में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा आयुक्त श्री एम बी ओझा ने उक्त आशय के निर्देश सोमवार को संभागीय कार्यालय मोतीमहल में अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में दिए। बैठक में उप आयुक्त राजस्व श्री आर पी भारती, संयुक्त आयुक्त विकास श्री रामकुमार शर्मा सहित विभिन्न विभागों के संभागीय अधिकारीगण उपस्थित थे। संभाग आयुक्त श्री एम बी ओझा ने विभागवार समय-सीमा के पत्रों के निराकरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय-सीमा के पत्रों को पूरी गंभीरता के साथ लें।

कोविड-19 में सौंपे गए दायित्वों का अधिकारी पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करें

ग्वालियर। कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के साथ-साथ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के लिये जिले में नियुक्त इंसीडेंट कमांडरों के साथ जिन जिला अधिकारियों को तैनात किया गया है वे प्रतिदिन उनके साथ रहकर कार्य करें। कोविड-19 के संबंध में जिन अधिकारियों को जवाबदारी सौंपी है वे पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने यह निर्देश अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में कोविड-19 के साथ-साथ सीएम हैल्पलाइन, राजस्व प्रकरणों का निराकरण, वन अधिकार पट्टों को प्रदाय करने की कार्रवाई के साथ-साथ अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री शिवम वर्मा, अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर

अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर सिंह ने दिए निर्देश

श्री रिंकेश वैश्य, सीईओ स्मार्ट सिटी श्रीमती जयति सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने इंसीडेंट कमांडरों को भी निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में पूरी सक्रियता के साथ कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के साथ-साथ प्रतिबंधात्मक आदेशों का पालन सुनिश्चित करें। कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग का कार्य भी पूरी गंभीरता के साथ किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे सहयोग से सुरक्षा अभियान को भी पूरी सक्रियता के साथ अपने-अपने क्षेत्र में संचालित करें। कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा के दौरान जिले के राजस्व अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्व न्यायालयों में प्राप्त प्रकरणों को दर्ज न करना एक गंभीर मामला है। सभी राजस्व अधिकारी अपने-अपने न्यायालयों में जो भी नए प्रकरण आए हैं, उन्हें दर्ज कर तत्काल निराकरण की कार्रवाई भी सुनिश्चित करें। सभी राजस्व न्यायालयों की समीक्षा आगामी बैठक में भी की जायेगी। एक सप्ताह के अंदर सभी राजस्व न्यायालय अपने-अपने यहाँ राजस्व प्रकरणों को दर्ज करने के साथ-साथ निराकरण की कार्रवाई में भी गति लाएँ। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने वन अधिकार पट्टे प्रदाय करने की कार्रवाई तत्परता से करने के निर्देश संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को दिए। उन्होंने कहा कि पट्टे देने की कार्रवाई सभी संबंधित अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ करें। एक-एक प्रकरण का परीक्षण कर ही कार्रवाई की जाए। कोई भी पात्र व्यक्ति पट्टा लेने से छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि बरसात के तत्काल बाद ही सभी शासकीय स्कूलों में रंगाई-पुताई का कार्य किया जाए, इसकी तैयारी अभी से करें। शासकीय स्कूलों के शौचालय भी अच्छे हों यह भी सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने सीएम हैल्पलाइन एवं लंबित शिकायतों के निराकरण के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी प्रकरण आते हैं उनका निराकरण निर्धारित समय-सीमा में किया जाए।

चोरी की बाइक सहित वाहन चोर गिरफ्तार

ग्वालियर। पुलिस द्वारा वाहन चोरों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गोला का मंदिर पुलिस ने एक वाहन चोर को चोरी गई मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपी ने पूछताछ शुरू कर दी है! पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे के निर्देषानुसार वाहन चोरां एवं लुटेरों की धरपकड़ हेतु ग्वालियर जिले में चलाये जा रहे अभियान के दौरान अति0 पुलिस अधीक्षक, शहर-पूर्व श्रीमती सुमन गुर्जर एवं नगर पुलिस अधीक्षक, मुरार रामनरेष पचौरी ने अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों को वाहन चोरों एवं लुटेरों की धरपकड़ हेतु मुखबिर तंत्र विकसित करने के लिये निर्देशित किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के पालन में दिनांक 16.8. 2020 को थाना प्रभारी गोला का मंदिर

निरी0 दीपसिंह सेंगर को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई दिनांक 18.07.2020 को कुंज बिहार कॉलोनी, थाना गोला का मंदिर से चोरी गई मोटरसाइकिल डच07 छठ 8932 को राजस्थान स्थित ग्राम गड़ी थाना कंचनपुर जिला धौलपुर में देखा गया है। उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी गोला का मंदिर द्वारा थाना बल की टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान ग्राम गड़ी थाना कंचनपुर भेजा, थाना बल की टीम द्वारा उक्त स्थान की घेराबंदी कर एक वाहन चोर को धरदबोचा। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर उसने अपना नाम दीपक परमार पुत्र मनरूप परमार निवासी ध्वजपुरा थाना कुंचनपुर जिला धौलपुर राजस्थान बताया। गिरफ्तार चोर के कब्जे से मोटरसाइकिल डच07 छठ 8932 को बरामद कर लिया गया है। उक्त चोर के खिलाफ थाना गोला का मंदिर मे चोरी का प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया है, गिरफ्तार चोर से थाना गोले के मंदिर से चोरी गये अन्य दो-पहिया वाहनों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है। सराहनीय भूमिकाः- उक्त वाहन चोर को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी गोला का मंदिर निरी0 दीपसिंह सेंगर, उनि0 हरेन्द्र सिंह, प्रआर0 महेन्द्र भदौरिया, आर0 गिर्राजसिह, रामबरन गुर्जर, प्रषान्त सिकरवार की सराहनीय भूमिका रही।

सात देशी पिस्टल व पॉच जिंदा राउण्ड सहित हथियार तस्कर गिरफ्तार

ग्वालियर। क्राईम ब्रांच ने एक बदमाश को अवैध हथियारों की तस्करी करते हुये, सात देषी पिस्टल व पॉच जिंदा राउण्ड सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर अमित सांधी,भापुसे को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई एक व्यक्ति झॉसीरोड बस स्टैण्ड के सामने अवैध हथियारों की बिक्री करने की फिराक में खड़ा है, जो गहरे रंग की चैक शर्ट पहने है और पीठ पर लाल स्लेटी रंग का बैग टॉगे हुये है। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने तत्काल अति0 पुलिस अधीक्षक ग्वालियर षहर पष्चिम/अपराध सत्येन्द्र सिंह तोमर को क्राइम ब्रांच की टीम गठित कर हथियारों के तस्कर को पकडने हेतु निर्देषित किया। डीएसपी अपराध रत्नेष

तोमर के मार्गदर्षन में दिनांक 17.08. 2020 को प्रभारी क्राइम ब्रांच उनि0 विनोद शर्मा के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच की टीम बनाकर मुखबिर के बताये स्थान थाना झॉसीरोड बस स्टैण्ड के पास भेजा गया। क्राइम ब्रांच की टीम को बस स्टैण्ड के पास एक संदिग्ध व्यक्ति पिटठू बैग टॉगें हुये खड़ा था। पुलिस टीम को देखकर उसके द्वारा भागने का प्रयास किया गया जिसे पुलिस टीम द्वारा धरदबोचा गया। पुलिस द्वारा पूछताछ में संदिग्ध व्यक्ति द्वारा अपना नाम अर्जुन परिहार पुत्र राजेन्द्र परिहार, उम्र 21 साल निवासी कैला देवी कॉलोनी, गोला का मंदिर ग्वालियर, स्थायी पता ग्राम सौंधा थाना गोरमी जिला भिण्ड बताया। गिरफ्तार बदमाष के बैग की तलाषी ली गई तो उसमे 32 बोर की 07 देषी पिस्टल मिली, पेंट की दाहिनी जेब मे 32 बोर के 05 जिंदा राउण्ड एवं बॉयी जेब मे 400/- रूपये नगद व एक एमआई कम्पनी का टचस्क्रीन मोबाइल मिला। गिरफ्तार बदमाष से हथियारों व राउण्डों के सबंध मे वैध लाइसेंस मांगा गया तो उसने लाइसेंस न होना बताया। उक्त बदमाष से पूछताछ करने पर उसने बताया कि अवैध हथियारों को सेधंवा से लेकर आता था, और ग्वालियर में एक पिस्टल को 25-30 हजार रूपये में बिक्री करता था। उक्त बदमाष के खिलाफ थाना क्राइम ब्रॉच ग्वालियर मे आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर अवैध हथियारों के संबंध पूछताछ की जा रही है। सराहनीय भूमिका - उक्त बदमाषों को गिरफ्तार करने मे प्रभारी क्राईम ब्रांच उनि0 विनोद कुमार शर्मा, उनि0 मनोज परमार, प्रआर0 दिनेष तोमर, राजीव सोलंकी, आर0 भगवती सोलंकी, नरवीर राणा, रामवीर महेन्द्र सिकरवार, विकास तोमर, योगेन्द्र तोमर, विष्वीर जाट, अभिषेक, विवेक, हेमंत, अभय सिकरवार, धर्मेन्द्र तोमर, देवेन्द्र सिंह, महावीर सिंह, योगेन्द्र की सराहनीय भूमिका रही है।

संभाग आयुक्त ओझा ने सुपर स्पेशलिटी चिकित्सालय का किया निरीक्षण

ग्वालियर। संभाग आयुक्त श्री एम बी ओझा ने सोमवार को सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल (कोविड-19) का निरीक्षण कर चिकित्सकों से भर्ती मरीजों के संबंध में जानकारी ली। संभाग आयुक्त श्री ओझा ने जेएएच परिसर में स्थित सुपर स्पेशलिटी चिकित्सालय (कोविड-19) का अवलोकन किया। इस दौरान जेएएच चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. आर. के. एस. धाकड़ ने (कोविड-19) के भर्ती मरीजों के संबंध में जानकारी दी तथा उनके किए जा रहे उपचार के संबंध में भी बताया। इस दौरान सुपर स्पेशलिटी चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. जी. एस. गुप्ता सहित चिकित्सक उपस्थित थे।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ
पुष्पांजली टुडे
क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक
डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
(Min. size 5×9)
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु
नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी
संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

प्रतिभा हम निखारेंगे
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थिति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।
हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।
पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207
नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे

Pro- Bipin Singh Tomar
9301759475 9713253992
Mail-Vipintomar172@gmail.com
Somya Advertise & Marketing Service
Boost Your Business In Lockdow
Promote Your Business & Generate Leads
Bulk Sms & Voice call Marketing
Bulk Whatsapp Sender
Digital Marketing
Door To Door Marketing
Flex And Pritning & Printing Media
E. media, FM Redio
Add- Radha Krishna Plaza Near By Police Choki Sabji Mandi Pinto Park Gwalior (M.P.)

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478